राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ऋचा चड्ढा का ओटीटी के बाद अब्रे...



बैडमिंटन कोर्ट में 17 वर्षीय तन्वी शर्मा... 12

गाजियाबाद, सोमवार 03 अगस्त 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 147, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### बारामूला में सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी: संयुक्त अभियान में एक आतंकी गिरफ्तार, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को शेरी क्षेत्र के फथागढ़ इलाके में भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त अभियान में एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह अभियान भारतीय सेना की 46 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), बारामूला पुलिस और सीआरपीएफ



की 53वीं बटालियन ने संयुक्त रूप से चलाया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया और उसके पास से हथियार व गोला-बारूद बरामद किए।

फिलहाल गिरफ्तार आतंकी की पहचान और बरामद हथियारों की संख्या तथा प्रकार का आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी हैं कि वह किस आतंकी संगठन से जुड़ा है, कहां से आया था और किन-किन घटनाओं में उसकी भूमिका रही है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी। उधर, कुलगाम जिले में एक दिन पहले दो प्रवासी मजदूरों की हत्या करने वाले आतंकवादियों की तलाश भी तेज कर दी गई है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया है। इस बीच, सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और विपक्षी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने घटना की गहन जांच की मांग की है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 3 से 5 अगस्त तक ओडिशा दौरे पर रहेंगी, जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय का करेंगी उद्घाटन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 3 से 5 अगस्त, 2026 तक ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे शिक्षा, संस्कृति और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगी तथा विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेंगी। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति 3 अगस्त को कटक स्थित जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। दौरे के दूसरे दिन 4 अगस्त को राष्ट्रपति भुवनेश्वर से रेल मार्ग द्वारा



बरहमपुर पहुंचेंगी। इसके बाद वे तप्तपानी स्थित मां कंधुनी देवी मंदिर तथा शिव मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी और आरती में शामिल होंगी। राष्ट्रपति का यह दौरा शिक्षा, आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके कार्यक्रमों के मद्देनजर संबंधित प्रशासनिक और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

राष्ट्रपति के ओडिशा दौरे को लेकर राज्य में उत्साह का माहौल है। विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

### राष्ट्रमंडल खेल 2026 : महिला जूडो में कांस्य पदक जीतने पर उन्नति शर्मा को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में महिला 63 किलोग्राम जूडो स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ी उन्नति शर्मा को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान उन्नति शर्मा की प्रतिबद्धता, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश का गौरव बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने संदेश में कहा कि जूडो में भारत को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उन्नति शर्मा भविष्य में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करती रहेंगी। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा, "जूडो में भारत के लिए और अधिक गौरव! राष्ट्रमंडल खेल 2026 में महिला 63 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतने पर उन्नति शर्मा को हार्दिक बधाई।

# नशा मुक्त युवा विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत बनेगा: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ करते हुए देश के युवाओं से नशे के खिलाफ राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए युवाओं का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, आत्मविश्वासी तथा नशे जैसी विनाशकारी प्रवृत्तियों से पूरी तरह मुक्त होना आवश्यक है।

कार्यक्रम में देशभर के 28 हजार से अधिक स्थानों से एक करोड़ से अधिक युवा, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल,



मुख्यमंत्री, जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक, 'माई भारत के स्वयंसेवक तथा विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को हर प्रकार के नशे और मादक पदार्थों से दूर रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत पिछले वर्ष काशी से एक पायलट परियोजना के रूप में हुई थी। आज यह

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियानझ का शुभारंभ, 100 सप्ताह तक देशभर में चलेगा जनजागरूकता अभियान**

अभियान देशव्यापी जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी घोषणा के अंतर्गत 125 से अधिक आध्यात्मिक संगठनों, अनेक सामाजिक संस्थाओं और गैर-सरकारी संगठनों ने मिलकर नशामुक्त भारत के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है।

## 12 अगस्त को लगने जा रहा पूर्ण सूर्य ग्रहण, 100 साल बाद दिखेगा अद्भुत नजारा

**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** अंतरिक्ष की दुनिया में दिलचस्पी रखने वालों के लिए इस साल



अगस्त का महीना बेहद रोमांचक होने वाला है। आसमान में एक ऐसी खगोलीय घटना घटने जा रही है, जिसका इंतजार दुनिया भर के वैज्ञानिक और खगोल प्रेमी बेसब्री से कर रहे हैं। 12 अगस्त को सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा कुछ इस तरह आएगा कि तेज धूप वाले दिन में ही अचानक रात जैसा घना अंधेरा छा जाएगा। सबसे खास बात यह है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में प्रकृति का यह दुर्लभ और अद्भुत नजारा पूरे एक सदी यानी 100 साल बाद देखने को मिलेगा।

**स्पेन में एक सदी बाद दिखेगा यह दुर्लभ नजारा**

इस पूर्ण सूर्य ग्रहण को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह स्पेन में देखा जा रहा है। यहां के उत्तरी हिस्सों में लगभग एक सदी के लंबे इंतजार के बाद पूर्ण सूर्य ग्रहण का विहंगम दृश्य देखने को मिलेगा। यही कारण है कि दुनिया भर से खगोल विज्ञान के शौकीन और हजारों की संख्या में पर्यटक इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए वहां पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं।

# नीट यूजी 2026 काउंसलिंग का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मेडिकल की पढ़ाई का सपना देख रहे हश्वश्वञ्ज-त्र 2026 अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने एमबीबीएस और अन्य स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसलिंग का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार ऑल इंडिया कोटा

**4 अगस्त से शुरू होगी प्रक्रिया, 8 सितंबर से नए सत्र की शुरूआत**

(द्भक्त) की पहले चरण की काउंसलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी, जबकि 2026-27 का नया शैक्षणिक सत्र 8 सितंबर से आरंभ होगा।

एमसीसी के अनुसार, डीम्ड और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए पहले चरण की काउंसलिंग 4 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगी। इस राउंड में सीट आवंटित होने वाले अभ्यर्थियों को 22 अगस्त तक संबंधित संस्थान में रिपोर्ट कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

इसके बाद दूसरे चरण की काउंसलिंग 24 अगस्त से 2 सितंबर तक, तीसरे चरण की काउंसलिंग 10 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वहीं, स्ट्रे वैकेंसी राउंड 28 सितंबर से 3 अक्टूबर



तक चलेगा। इस राउंड के बाद प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। स्टेट कोटा की सीटों के लिए पहले चरण की काउंसलिंग 13 अगस्त से 22 अगस्त तक होगी। इस राउंड में चयनित अभ्यर्थियों को 28 अगस्त तक प्रवेश लेना होगा। दूसरा चरण 31 अगस्त से 8 सितंबर, तीसरा चरण 16 सितंबर से 26 सितंबर और स्ट्रे वैकेंसी राउंड 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

एमसीसी ने स्पष्ट किया है कि 8 सितंबर से मेडिकल कॉलेजों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो जाएगा। हालांकि, रिक्त सीटों को भरने के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाद के काउंसलिंग राउंड जारी रहेंगे। समय-सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए शनिवार, रविवार और राजपत्रित अवकाश को भी कार्य दिवस माना जाएगा।

**काउंसलिंग प्रक्रिया में हुए बड़े बदलाव**

इस वर्ष एमसीसी ने काउंसलिंग प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और छात्र-अनुकूल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

1. जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हो चुकी है और जिन्होंने 'अपग्रेडेशन का विकल्प चुना है, उन्हें अब केवल औपचारिकताएं पूरी करने के लिए दोबारा कॉलेज में फिजिकल रिपोर्टिंग नहीं करनी होगी। उनकी सीट काउंसलिंग सिस्टम में सुरक्षित रहेगी।

## यूपी विधानसभा का मानसून सत्र आज से

## सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री ने की सकारात्मक चर्चा की अपील, सपा ने सरकार को घेरने का किया ऐलान

**लखनऊ (आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 3 अगस्त से शुरू होगा। सत्र से पहले रविवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी राजनीतिक दलों से जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक और स्वस्थ चर्चा करने की अपील की। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता कर शिक्षा, किसानों, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरने का ऐलान किया। इसके साथ ही मानसून सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस



होने के संकेत मिल रहे हैं।सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखते हुए सभी जनप्रतिनिधि जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाएं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से प्रदेश के विकास और जनहित के विषयों पर स्वस्थ एवं सार्थक चर्चा करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन लोकतांत्रिक विमर्श का सर्वोच्च मंच है और यहां होने वाली चर्चा प्रदेश की प्रगति की दिशा तय करती है।बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने विधान परिषद भवन में नवनिर्मित एवं नवीनीकृत सुविधाओं का लोकार्पण भी किया। उन्होंने विधान परिषद के नवीनीकृत गलियारे, पुस्तकालय, सभा मंडप और आधुनिक संवाद कक्ष का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से जनप्रतिनिधियों के कार्य निष्पादन में और अधिक सुविधा मिलेगी तथा संसदीय कार्य प्रणाली को मजबूती मिलेगी।उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी मानसून सत्र में जनता से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में 26 हजार से अधिक सरकारी विद्यालय बंद कर दिए गए हैं, जिससे लगभग 28 लाख विद्यार्थियों का नामांकन प्रभावित हुआ है। उन्होंने दावा किया कि इसका सबसे अधिक असर दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के बच्चों पर पड़ा है तथा गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई है। अखिलेश यादव ने 'पीडीए ऑडिट अंक-4' जारी करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में 62 हजार से अधिक शिक्षकों की संख्या कम हुई है और 81 हजार से अधिक शिक्षक पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार नई भर्तियां नहीं कर रही है।

उनके अनुसार यह दस्तावेज शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का प्रमाण है।उन्होंने किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने खाद की उपलब्धता पर भी सवाल उठाते हुए किसानों की कर्जमाफी की मांग दोहराई। साथ ही कहा कि आलू उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

# भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश के लिए संकट, सत्ता बदलेगी तभी समस्याओं का समाधान होगा: अखिलेश यादव

**लखनऊ (आरएनएस )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की मौजूदा सरकार प्रदेश के लिए

**समाजवादी पार्टी के विधायक पीड़ित परिवारों से मिलेंगे और हरसंभव सहायता करेंगे। किसी भी छात्र या उसके परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा**

सबसे बड़ा संकट बन गई है। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता से नहीं हटेगी, तब तक प्रदेश की समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों, युवाओं और बेटियों के साथ अन्याय किया है तथा लोकतांत्रिक आंदोलनों को पुलिस बल के जरिए दबाने का




प्रयास किया है।समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि छात्र आंदोलनों के दौरान सरकार और उसके मंत्रियों ने आंदोलनकारियों से यह आश्वासन दिया था कि उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं होगा और किसी प्रकार का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा। लेकिन अब छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस रवैये से उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं और लोकतंत्र में जनता का भरोसा कमजोर हो रहा है।फतेहपुर के एक विद्यालय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वहां छात्रों ने केवल पीने के पानी और कक्षाओं में पंखे लगाने जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग की थी।

सरकार ने मांगें स्वीकार भी कर लीं, लेकिन बाद में छात्रों और उनके परिवारों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के विधायक पीड़ित परिवारों से मिलेंगे और हरसंभव सहायता करेंगे। किसी भी छात्र या उसके परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।अखिलेश यादव ने कहा कि यदि सरकार उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का दावा करती है, तो सबसे पहले उसे सरकारी विद्यालयों में बिजली, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए।

**तबाही** — जम्मू-कश्मीर से केरल तक कुदरत का कहर, असम में बाढ़ ने मचाई भारी तबाही

# 82 लोगों की मौत,लगभग 1.93 लाख लोग प्रभावित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर में सक्रिय मानसून ने कई राज्यों में भारी तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल और असम से लेकर ओडिशा तक लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने जनजीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं, जबकि लाखों नागरिक बाढ़ की चपेट में हैं। कई राज्यों में राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार राज्य में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 82 हो गई है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में जलस्तर घटा है, फिर भी राज्य के लगभग 1.93 लाख लोग अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं।

राज्य सरकार और विभिन्न राहत एजेंसियों द्वारा प्रभावित जिलों में राहत एवं पुनर्वास कार्य जारी हैं। प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटा है।

केरल में लगातार हो रही भारी वर्षा से हालात गंभीर बने हुए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि छह अन्य लापता हैं।

राज्य सरकार, विभिन्न एजेंसियों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों की मदद से खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। प्रभावित लोगों के लिए 65 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां 1,465 लोगों को आश्रय दिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार वर्षा के कारण 17 मकान पूरी तरह



ध्वस्त हो गए हैं, जबकि 127 मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है।

मौसम विभाग के अनुसार कोझिकोड जिले के अनाक्कम्पोयिल क्षेत्र में 35 घंटों के दौरान 340 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि वायनाड जिले के मेप्पाडी में इसी अवधि में 177 मिलीमीटर वर्षा हुई।

ओडिशा में भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के 20 जिलों में 8.34 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।महानदी सहित सालंदी, ब्राह्मणी, बैतरणी, जलका और बुढ़ाबलंग नदियों के उफान के कारण निचले इलाकों में व्यापक जलभराव हो गया है। बाढ़ से सड़क, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, जबकि बड़ी मात्रा में कृषि भूमि भी जलमग्न हो गई है।उत्तरी ओडिशा में 1,300 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। सबसे अधिक नुकसान भद्रक जिले में हुआ है, जबकि जाजपुर, बालासोर और मयूरभंज जिले भी गंभीर रूप से प्रभावित हैं।प्रशासन ने महानदी के निचले क्षेत्रों में स्थित 10 जिलों में उच्च सतर्कता घोषित कर दी है। हीराकुंड बांध के 22 द्वारों से लगातार अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है।विशेष राहत आयुक्त राजेश प्रभाकर पाटिल के अनुसार उच्च सतर्कता वाले जिलों में अंगुल, बौध, संबलपुर, सुबर्णपुर, नयागढ़, कटक, पुरी, खुर्दा, जगतसिंहपुर और केंद्रपाड़ा शामिल हैं। प्रशासन विशेष रूप से महानदी डेल्टा क्षेत्र की स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# नगर पंचायत छतारी में खुले नालों को ढकने और बैरिकेटिंग का अभियान शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**छतारी।** बरसात के मौसम में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे में खुले नालों को ढकने और संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेटिंग कराने का अभियान शुरू कर दिया है। रविवार को अधिशासी अधिकारी अरविंद मिश्र के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर खुले नालों पर पत्थर की पटिया रखवाई गई, जबकि जहां तत्काल ढक्कन लगाना संभव नहीं था, वहां बांस की बैरिकेटिंग कराई गई।

छतारी के मोहल्ला आजाद रोड सहित विभिन्न स्थानों पर नगर पंचायत चेयरमैन हाजी सलीम और अधिशासी अधिकारी अरविंद मिश्र ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खुले नालों को प्राथमिकता के आधार पर पत्थर की पटिया रखवाकर बंद कराया गया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि हाल ही में बुलंदशहर में बरसात के दौरान हुए हादसे को गंभीरता से लेते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कस्बावासियों से बरसात के मौसम में सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि अभिभावक बच्चों को अकेले घर से बाहर न भेजें। यदि किसी स्थान पर खुला नाला दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल नगर पंचायत कार्यालय को दें। उन्होंने बताया कि अधिकांश खुले नालों को ढक दिया गया है और शेष स्थानों पर भी जल्द कार्य पूरा करा लिया जाएगा। आजाद रोड पर खुले नाले के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बांस की बैरिकेटिंग भी कराई गई।

# भाकियू अराजनैतिक ने भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन का किया ऐलान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** पुलिस कार्यप्रणाली, बिजली की समस्याएं आवारा पशु, नायब तहसीलदार अखिलेश यादव द्वारा भ्रष्टाचार आदि दर्जनों मांगों को लेकर जनपद बुलंदशहर की तहसील स्याना के जांबाज शेरों द्वारा होगा प्रदर्शन सभी संगठित होकर 3 अगस्त सुबह 10:30 बजे स्याना स्थित गढ़ स्टैंड स्क्रैप गोदाम पर पहुंचे वहां से काफिला तहसील को रवाना होगा तंग आए तो जंग आए क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर बड़ा कदमः 3 अगस्त को तहसील स्याना में भाकियू (अराजनैतिक) का विशाल प्रदर्शन स्याना (बुलंदशहर)क्षेत्र की विभिन्न लंबित समस्याओं और किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) आगामी 3 अगस्त को तहसील स्याना का जोरदार घेराव करेगी। इस संबंध में संगठन की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।भाकियू (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष ठा. शैलेंद्र आर्य व किसान नेता आशु खान ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के किसानों की अनेक समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिनका समाधान प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। इन्हीं मांगों को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। गढ़ स्टैंड स्थित कैंप कार्यालय पर जुटेंगे किसानःआंदोलन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के सभी सम्मानित किसान और कार्यकर्ता 3 अगस्त को सुबह 10:30 बजे गढ़ स्टैंड स्थित कैंप कार्यालय (स्क्रैप गोदाम के पास) पर एकत्र होंगे।

इसके बाद सभी किसान एकजुट होकर तहसील मुख्यालय के लिए कूच करेंगे और तहसील का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे।

इस दौरान वरिष्ठ किसान नेता आशु खान ने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसानों से बढ़-चढ़कर इस आंदोलन में शामिल होने की पुरजोर अपील की है।

# शाहजुद्दीन उर्फ भूरा मेवाती बने ईद मिलादुन्नबी कमैटी अध्यक्ष, 26 अगस्त को बारावफात जुलूस निकलेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**औरंगाबाद।** ईद मिलादुन्नबी कमैटी की बैठक में सभासद पति शाहजुद्दीन उर्फ भूरा मेवाती को अध्यक्ष चुना गया। भूरा मेवाती 26 अगस्त को निकलने वाले बारावफात जुलूस का संचालन करेंगे।

पूर्व चेयरमैन सैयद हिमायत अली के आवास पर रविवार को ईद-मिलादुन्नबी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहाजुद्दीन मेवाती उर्फ भूरा मेवाती सभासद पति को सर्वसम्मति से कमेटी अध्यक्ष चुना गया। भूरा मेवाती की देखरेख में आगामी 26 अगस्त को बारावफात जुलूस निकाला जायेगा। इस अवसर पर सैयद हिमायत अली ,नसीर पहलवान रहीसुद्दीन अल्वी नाजिम अंसारी शाहिद अंसारी जहीर अल्वी नसरु अल्वी फहमीद कुरैशी निरंजन शर्मा राजकुमार शर्मा सैयद गौहर अली, राजकुमार ठाकुर शाने अली,आरिफ आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की वार्षिक आम सभा संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बुलंदशहर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, टी के तहसील अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन सचिव बलविंदर कुमार, मेरठ प्रांत उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, जिला संगठन सचिव रोहताश , जिला मीडिया प्रभारी डी.के. तेवतिया सहित जनपद की सातों तहसीलों के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। वार्षिक आम सभा के दौरान प्रत्येक तहसील अध्यक्ष ने अपने-अपने क्षेत्र की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में वर्ष भर के दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की विभिन्न समस्याओं के समाधान, संगठन से जुड़े नए पूर्व सैनिक सदस्यों की संख्या, संगठनात्मक गतिविधियों तथा वर्तमान में लंबित महत्वपूर्ण मामलों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। सभी प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश ने भी जनपद बुलंदशहर की पूरे वर्ष की संगठनात्मक एवं वित्तीय प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्षभर में संगठन द्वारा किए गए विभिन्न सेवा कार्यों, सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार, आय-व्यय का लेखा-जोखा तथा भविष्य की कार्ययोजना को पूरी पारदर्शिता के साथ सभी सदस्यों के समक्ष रखा गया। उपस्थित सदस्यों ने जिला कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

बैठक का समापन संगठन की आगामी कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार अभियान तथा लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# शिकारपुर नगर पालिका बोर्ड बैठक में तीन अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर पालिका परिषद शिकारपुर के कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में शनिवार को अध्यक्ष राजबाला सैनी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर विकास और जनहित से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में सबसे पहले आगामी समय में श्री रामलीला कार्यक्रम के आयोजन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके बाद नगर में विकास कार्यों के लिए 27 मई, 3 जून एवं 6 जून 2026 को आमंत्रित निविदाओं के क्रम में प्राप्त निविदाओं पर विचार-विमर्श कर प्रस्ताव पारित किया गया।



इसके अलावा उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास अनुभाग-9 के शासनादेश दिनांक 20 जुलाई 2026 के अनुपालन में नगर पालिका क्षेत्र में लंबित संपत्ति कर (गृहकर, जलकर एवं सीवरकर) की वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना (डळर) लागू करने के प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में सभासदों एवं नामित सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव भी रखे। सभी प्रस्तावों को बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए जाने के बाद बैठक का समापन हुआ। बैठक में सदस्य बेबी देवी, संतोष देवी, पुष्पा देवी, किरन देवी, फेमिदा बेगम, मधु, शमीम फात्मा, संगीता गर्ग, बृजरानी, आस मोहम्मद, विनय कुमार, गौतम सूर्यवंशी, मुजीबुर्रहमान, उदयवीर, अनवार, राजेंद्र सिंह लोधी, सुहैल, सूर्यकांत, मोहम्मद अरशद, शाहिद अंसारी, इफ्तिखार अंसारी, कपिल कुमार आर्य एवं योगेंद्र माहौर सहित नामित सभासद लक्ष्मी लोधी, नैम सिंह, गगन शर्मा, प्रशांत विश्वास और लविश तौमर उपस्थित रहे। इसके अलावा अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह, मोहम्मद कासिम एवं नितिन सैनी भी बैठक में मौजूद रहे।

# नलकूप से विद्युत मोटर के तार चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला सालिकपुर में खेत पर लगे कुएं से विद्युत मोटर के तार चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के

**बेखौफ अज्ञात चोरों ने नलकूप की मोटर काटकर तार किए चोरी**

अनुसार, शिकारपुर नगर के मौहल्ला मौथरपुरा निवासी ब्रिजेश कुमार शर्मा पुत्र नानक चंद शर्मा की गांव नगला सालिकपुर में लगभग 20 बीघा कृषि भूमि है। खेत में सिंचाई के लिए लगे कुएं पर विद्युत मोटर स्थापित थी। आरोप है कि 2 अगस्त की रात अज्ञात चोर मोटर के तार काटकर चोरी कर ले गए। रविवार सुबह खेत पर पहुंचने पर मोटर के तार गायब मिले, जिसके बाद चोरी की जानकारी हुई।



पीड़ित का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई और कोतवाली में लिखित तहरीर भी सौंपी गई। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक न तो मुकदमा दर्ज किया गया और न ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की।

ब्रिजेश कुमार शर्मा ने पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए, चोरी हुए विद्युत मोटर के तार बरामद किए जाएं तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

वहीं, इस मामले में पुलिस की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। अब यह देखना होगा कि पुलिस चोरी की इस घटना का खुलासा कब तक कर पाती है।

# कालेज छात्रों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद ।** अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने नशा मुक्त भारत बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए नशे से दूर रहने की शपथ ली। आयोजकों ने आगामी दो वर्षों तक प्रत्येक रविवार को जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाने की घोषणा की।

**विकसित भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल संबोधन**

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल संबोधन का प्रसारण करने के साथ किया गया। एन सी सी और एन एन एस के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त युवा विकसित भारत कैंपेन का शुभारंभ किया गया। कैंपेन के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश-भर के युवाओं से वर्चुअल संवाद करते हुए नशे से दूर रहकर स्वस्थ जागरूक बन राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।



प्राचार्य नामित सदस्य डॉ सिराजुद्दीन ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया

सभी मौजूद छात्र छात्राओं ने नशे से दूर रहने की शपथ ली और समाज में नशा उन्मूलन के लिए जन जागरुकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डा रामजी द्विवेदी डॉ एस के गुप्ता डॉ प्रशांत कुमार आदि ने सहयोग किया।

# स्वास्थ्य विभाग ने मारा क्लीनिक पर छापा, झोलाछाप डॉक्टरों क्लीनिक संचालकों में मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद(बुलंदशहर)।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बे में एक क्लीनिक पर पहुंचकर डाक्टरी अभिलेखों की जांच पड़ताल की। क्लीनिक संचालक कोई वैध चिकित्सीय प्रमाणपत्र दिखाने में असमर्थ रहा। स्वास्थ्य विभाग की छापामार कार्रवाई की भनक लगते ही अनेक झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया और वो क्लीनिक पर ताला लगा खिसक लिए। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ सचिन भाटी ने शनिवार को भावसी रोड़ पर स्थित रिफाह क्लीनिक पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। मौके पर मौजूद डॉ जाकिर से चिकित्सा प्रमाण पत्र तलब किए गए। बताया जाता है कि क्लीनिक डॉ नसरीन सुल्ताना के नाम पर संचालित किया जा रहा है। जबकि सारा चिकित्सा कार्य डॉ जाकिर द्वारा ही किया जाता है।

स्वास्थ्य विभाग की इस छापामार कार्रवाई की सूचना कस्बे में जंगल की आग की भांति फैल गई और तमाम झोलाछाप डॉक्टरों पैथालॉजी लैब एक्स-रे क्लीनिक आदि के संचालकों में हड़कंप मच गया और अधिकांश झोलाछाप ताले डालकर खिसक लिए।

**क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी**

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सचिन भाटी ने बताया कि सी एम ओ से हुई एक शिकायत के आधार पर उक्त क्लीनिक पर जांच पड़ताल की गई थी। क्लीनिक पर डा जाकिर मौजूद मिले। जिस डॉक्टर नसरीन सुल्ताना के नाम पर क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन कराया बताया गया वह मौजूद नहीं मिलीं। क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।



**बैठक** बैठक में विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए अभी से जनसभा की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया गया

# 23 अगस्त को बुलंदशहर में अखिलेश यादव की पीडीए जनसभा को सफल बनाने के लिए सपा कार्यकर्ताओ ने की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** नगर के वार्ष्णेय मैरिज होम में समाजवादी पार्टी की विधानसभा स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 23 अगस्त को बुलंदशहर में आयोजित होने वाली पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जनसभा को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए अभी से जनसभा की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने सभी टिकट की दवादारों को 23 की अखिलेश यादव की पीडिए जनसभा को सफल बनाने की जिम्मेदारी दी है!

बैठक में विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के संभावित दावेदारों एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसभा की सफलता ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की मजबूत नींव साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ, सेक्टर और जोन स्तर पर संगठन को सक्रिय करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जनसभा तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सभी कार्यकताओं की है।

बैठक में पूर्व विधायक होशियार सिंह, मुकेश पंडित सैय्यद गौहर अली, प्रशांत शर्मा, अनिल चरोरा, प्रवेन्द्र लोधी तथा योगेश प्रधान ने कार्यकताओं से कहा कि पार्टी द्वारा बनाए गए जोन एवं सेक्टर प्रभारियों को पूरी गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। प्रत्येक गांव और वार्ड में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं पीडीए अभियान से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।




नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, विकास और सभी वर्गों के सम्मान की राजनीति करती है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करें तथा अधिक से अधिक लोगों को 23 अगस्त की जनसभा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

बैठक के दौरान वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि संगठन पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ कार्य करेगा तो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रदेश में सरकार बनाएगी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। साथ ही उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कार्यकताओं से जनहित के मुद्दों को जनता के बीच प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया।

बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने 23 अगस्त को बुलंदशहर में आयोजित पीडीए जनसभा को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रामकिशोर लोधी व संचालन रघुराजप्रताप जाटव ने किया! इस मोके पर कोमल गुर्जर,हाजी अख्तर,शेख रईस अहमद, सभासद सुल्तान अंसारी, परवेज आलम,धीरेन्द्र राणा,हाजी शाहिद,अनिल लोधी,हसीन सैफी, हाजी ताहिर सैफी, राशिद गाजी,अजय अहेरिया,हाजी खालिद सिद्दीकी,मुकेश कुमार, आसिफ अंसारी,शेख शहजाद,तारिक मलिक,नईम प्रधान,डा.फेसल, वसीम सैफी समेत आदि मौजूद थे!

## आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में मौखिक स्वच्छता दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में पेरियोडॉन्टोलॉजी विभाग के द्वारा मौखिक स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को मौखिक स्वास्थ्य के महत्व तथा उचित मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर संस्थान की डेन्टल ओ.पी.डी. में आने वाले सभी मरीजों को मौखिक स्वच्छता के महत्व, उसके रखरखाव एवं इसकी अनदेखी से उत्पन्न होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। यह कार्यक्रम आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों को निःशुल्क टूथपेस्ट और माउथवॉश के सैंपल भी वितरित किये गये। इस अवसर पर संस्थान के बी.डी.एस. एवं एम.डी.एस. के छात्रों के लिए ओरल हाइजीन ए गेटवे टू ए हेल्थीयर यू विषय पर वीडियों रील प्रतियोगिता तथा पेरियो थिंक टैंक नामक एक नवीन शोध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में संस्थान के बी.डी.एस. एवं एम.डी.एस. विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके साथ ही मरीजों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

## एक करोड़ 51 लाख की लागत से वार्ड-01 कृष्णा नगर बागू में और वार्ड 2 राहुल विहार मे इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं नाला निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की त्वरित आर्थिक विकास योजना (वित्तीय वर्ष 2025-26) सांसद अतुल गर्ग के अथक सहयोग द्वारा अंतर्गत वार्ड संख्या-01 बागू में रोजवेली स्कूल से अनिल सप्लायर तक और वार्ड 2 राहुल विहार मे अनिल के मकान से अकबरपुर बहरामपुर बिजली घर तक एवं सहायक गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास आज प्रातः शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारा विधानसभा सत्र में शामिल होने लखनऊ प्रवास से पूर्व किया गया। इस विकास कार्य की लागत एक करोड़ 51 लाख है। कार्य का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, गाजियाबाद द्वारा कराया जाएगा। इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गाजियाबाद शहर विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रत्येक सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और



जनता को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को जलभराव, आवागमन तथा अन्य समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सरकार की प्रतिबद्धता है।

इस अवसर पर क्रासिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, पार्षद धर्मेंद्र नागर, बालकिशन यादव, मनोज चौधरी, मनोज झा एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आर्य समाज का वेद प्रचार सप्ताह हर्षोल्लास से संपन्न,आर्य समाज राष्ट्रहित के साथ समाज को भी संस्कारित करता है: आचार्य योगेंद्र याज्ञिक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** आर्य समाज नया आर्य नगर, मेरठ रोड का वेद प्रचार सप्ताह हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।यज्ञ के ब्रह्मा वेद मनीषी आचार्य योगेंद्र याज्ञिक के ब्रह्मत्व ऋग्वेदीय महायज्ञ सम्पन्न हुआ। मुख्य यज्ञमान सर्वश्री प्रशांत आर्य-शीतल आर्या,मोहित आर्य-कोमल आर्या, विजयपाल आर्य-रेखा आर्या, यशवीर आर्य एवं सपना आर्या रहे।

बिजनौर से पधारे पंडित नरेश दत्त के वैदिक सिद्धांतों पर आधारित भजनों को सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए।

मुख्य वक्ता वेद मनीषी आचार्य योगेंद्र याज्ञिक ने कहा कि आर्य समाज राष्ट्रहित के साथ समाज को भी संस्कारित करने का कार्य कर रहा है।उन्होंने आगे कहा कि जिस दिन मानव वेदों के संदेश बुद्धि,प्रेम,रोजी-रोटी,मन को विशुद्ध करने और मिलकर चलना,बोलना,सोचना,एक जैसा अपना लेगा उस दिन विश्व में शांति स्थापित हो जाएगी।वे सब आपसी सद्भाव,सामन्जस्य से होगा,सौहार्द का अंकुर अपने अंदर अपनाना होगा तभी दुनियाँ के लिए उपयोगी बन पाएंगे।स्वामी दयानंद ने कहा है जहां वेद नहीं वहां वेदना होगी।

वैदिक विद्वान कृष्णमुनि ने कहा कि सनातन वैदिक धर्म अरबों वर्ष पुराना है।हम वेद विद्या मार्ग के राही बनें वेद विद्या का जितना जितना सामर्थ्य हो उतना उतना प्रचार करें ताकि हम सब सुखी रह सकें।

जिला आर्यसभा के प्रधान विजयपाल कसाना ने कहा कि जो लोग अपने पूर्वजों के विचारों परंपराओं को आगे ले जाते हैं जीवन में प्रसन्न और सुखी रहते हैं।

## जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान

### 197 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 15 का निस्तारण

दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

सदर तहसील मे मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ की अध्यक्षता में सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 08 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम सदर अजीत कुमार सिंह, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।




लोनी तहसील ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम लोनी दीपक सिंघनवाल की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सदर तहसील एसडीएम मोदीनगर कोमल पंवार की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 76 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

इस दौरान तहसीलदार सहित राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 197 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तलेकिसानों ने जल भराव से हो रही फसलों की बबार्दी को लेकर ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला अध्यक्ष (कार्यवाहक) विनीत त्यागी के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने जल भराव से हो रही फसलों की बबार्दी को लेकर ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें किसानों ने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा एक ठेकेदार को तालाब ठेके पर दिया उसने गांव का पानी रोक दिया और नाले को अपने तालाब में मिला लिया जिस कारण सारा पानी किसानों की फसलों में जा रहा है और फसल बर्बाद हे दूसरी तरफ एक दिल्ली रोड सोसाइटी मेट्रो होम्स का हजारों फ्लैट का पानी किसानों की सिंचाई होने वाले रजवाहे में सोसाइटी ने डाल दिया जिससे





वह पानी सिंचाई विभाग के रजवाहे में जाकर रजवाहा ओवर फ्लो हो गया और वह पानी गांव कॉलोनी और किसानों के खेतों में पहुंच गया जिससे किसानों के फसलों का भारी नुकसान हो रहा है और आम जनता में बीमारी फैल रही है।जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी का कहना है कि यदि समस्या का जल्द निस्तारण नहीं हो तो जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर संजीव त्यागी कालू उदय त्यागी शाहनवाज खान चेतन त्यागी गौरव शर्मा सिंह की कॉमेडी इरफान ठेकेदार राहुल त्यागी बबलू त्यागी जाहिद नदीम खान फिरोज खान सोनू आरिफ भोलू आदि लोग मौजूद रहे।

## गो-आश्रय स्थल टेलहेटा को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशासन की पहल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विकासखंड भोजपुर तहसील मोदीनगर स्थित वृहद गो-संरक्षण केंद्र, तलहेटा को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ के निर्देशन में एक संयुक्त टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गो-आश्रय स्थल की वर्तमान व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा गोवंश के लिए हरे चारे के उत्पादन की संभावनाओं के दृष्टिगत ग्राम पंचायत तल्हेटा के खसरा संख्या 175, 669, 377, 481 एवं 489 से संबंधित भूमि अभिलेखों का परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर तहसीलदार मोदीनगर, संबंधित लेखपाल, पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, संबंधित एनजीओ के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी की



उपस्थिति में भूमि की उपलब्धता एवं उसके उपयोग के संबंध में आवश्यक निरीक्षण एवं अभिलेखों का सत्यापन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने निर्देश दिए कि भूमि का चिन्हांकन पूर्ण होते ही गो-आश्रय स्थल के लिए हरे चारे के उत्पादन की कार्यवाही प्रारंभ कराई जाए। साथ ही गोवंश के समुचित रखरखाव एवं गो-आश्रय स्थल को पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आवश्यक अतिरिक्त शेडों के निर्माण का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। गोआश्रय स्थल पर अतिरिक्त शेड निर्माण हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

इससे गो-आश्रय स्थल में गोवंश के लिए गुणवत्तापूर्ण हरे चारे की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा गो-आश्रय स्थल के सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। उपरोक्त गोआश्रय स्थल पर पशु आहार संयन्त्र, गोबर गैस संयन्त्र, पैंट बनाने के संयन्त्र लगाने की कार्यवाही की जाएगी।

## कावड़ यात्रा और जगमगाता शहर,नगर निगम ने कावड़ रूट पर लगाई 3000 अतिरिक्त लाइट

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** 2468 नई स्ट्रीट लाइट से रात्रि में भी कावड़ यात्रा को बनाया गया सुगम और सुरक्षित विद्युत पोलों से उचित दूरी बनाए रखने के लिए निगम ने किया श्रद्धालुओं से अनुरोध नगर निगम, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार कावड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है इसी क्रम में रात्रि में भी कावड़ यात्रियों के लिए मार्ग सुगम और सुरक्षित


### निगम ने 5500 विद्युत पोलों पर लगाया फ्लेक्स, कावड़ रूट की 880 लाइटों की हुई मरम्मत

रहें बेहतर प्रकाश व्यवस्था की गई है, गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग द्वारा निर्धारित कावड़ मार्ग पर 2468 नई स्ट्रीट लाइट लगाई गई है इसके अलावा 3000 से अधिक अस्थाई लिए भी लगाई गई है जिसमें मुख्य मार्गों पर झालर भी लगाई गई है, कावड़ मार्ग के साथ-साथ दूधेश्वर नाथ प्राचीन मठ मंदिर पर भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था की गई है, गाजियाबाद नगर निगम के कावड़ शिविर में भी प्रकाश व्यवस्था को बेहतर किया गया है नगर आयुक्त की निर्देश अनुसार रात्रि में भी प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य टीम के द्वारा किया जा रहा है जिसमें शेष मणि यादव प्रभारी प्रकाश, स्वप्निल जैन सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिक लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

दुहाई से लेकर मेरठ रोड तिराहे से होते हुए मोहन नगर, अप्सरा बॉर्डर तक प्रकाश व्यवस्था को सुचारु किया गया है, नागद्वार से भोपुरा चौक तक स्थाई तथा अस्थाई लाइट लगाकर प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, मेरठ तिहारी से लेकर सिद्धार्थ विहार होते हुए ठल 9 तक प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, कनवानी होते हुए ठल 9 तक प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, मेरठ रोड से राजनगर एक्सटेंशन तक प्रकाश व्यवस्था





को सुदृढ़ किया गया है, इसी क्रम में दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर तक भी प्रकाश व्यवस्था को स्थाई तथा अस्थाई लाइटों के माध्यम से दुरुस्त किया गया है प्रकाश विभाग गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जहां प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है वहीं कावड़ मार्ग पर 5500 विद्युत पोलों पर फ्लेक्स भी लगाई गई है इसी के साथ श्रद्धालुओं को विद्युत पोल से दूर रहने के लिए भी अनुरोध किया जा रहा है कावड़ मार्ग पर आने वाले विद्युत पोलों से उचित दूरी बनाए रखने का अनुरोध नगर निगम द्वारा पोस्टर लगाकर किया जा रहा है'प्राचीन मंदिर दूधेश्वर नाथ, कावड़ मार्ग के अलावा साइ उपवन, शंभू दयाल इंटर कॉलेज, कन्या वेदिक स्कूल पर भी कावड़ यात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है जिसमें प्रकाश विभाग द्वारा स्थाई रूप से लाइट लगाई गई है।

नगर आयुक्त द्वारा वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश नरेंद्र कुमार चौधरी तथा अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को लगातार प्रकाश संबंधित कार्यों में विशेष मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं, नगर निगम सीमा अंतर्गत कावड़ यात्रा रात्रि में भी सुगम और सुरक्षित बनी रहे निगम की टीम व्यवस्था में जुटी हुई है अभियान के रूप में कार्य चल रहा है जो की सराहनीय है ।

**स्वास्थ्य परीक्षण** यशोदा अस्पताल एवं आनंदवती फाउंडेशन के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिया परामर्श

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: रश्मि चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के कम्युनिटी हॉल में रविवार को यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं आनंदवती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों निवासियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं अन्य निवासियों ने स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

शिविर में डॉ. धर्मेंद्र (ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ) एवं डॉ. अभिषेक (जनरल फिजिशियन) ने मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। हड्डियों, जोड़ों एवं सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों को विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया गया, जिससे लोगों ने काफी संतोष व्यक्त किया।

इस दौरान ब्लड प्रेशर , ब्लड शुगर , पीएफटी तथा बीएमडी टेस्ट की निःशुल्क जांच की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव दिए तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी।

गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना था। उन्होंने कहा कि शिविर में सैकड़ों निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी ने इस पहल की सराहना की। रश्मि चौधरी ने कहा, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण




पहल हैं। समय पर स्वास्थ्य जांच होने से अनेक गंभीर बीमारियों का पता प्रारंभिक अवस्था में ही चल जाता है। हमारा प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठा सकें और स्वस्थ जीवन जी सकें।

शिविर के सफल आयोजन में चिकित्सकों, चिकित्सा टीम तथा आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर सोसायटी निवासी दिनेश सिंह, अनुजा बंसल, गौरव बंसल, अरविंद सिंघल एवं विशाल विग ने यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, आनंदवती फाउंडेशन, विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा पूरी मेडिकल टीम का सफल एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल को समाजहित में एक सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठा सकें।


## शातिर ठग ने पैसे दोगुना करने का लालच देकर युवक से ठगे 70 लाख के सोने के जेवरात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** शातिर ठग ने पैसे दोगुना करने के नाम पर एक युवक से 70 लाख रूपए की जेवरात ठग लिए। जेवर वापस मांगने पर आरोपी परिवार सहित जान से मारने की धमकी दे रहा है धमकी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मोदीनगर की दिलीप पार्क कॉलोनी में संजीव शर्मा परिवार सहित रहते है। संजीव शर्मा ने बताया कि मेरे पुत्र विनायक शर्मा की गांव सीकरी कला निवासी तन्नु ने मुरादनगर के गांव ढिंढार निवासी अभिषेक वर्मा से जान पहचान कराई थी। आरोप है कि अभिषेक ने विनायक शर्मा को सोने के पैसे दोगुना करने का लालच दिया। इसके बाद विनायक ने घर में रखे 70 लाख रूपए का सोने के जेवरात अभिषेक को दे दिए। अभिषेक ने विनायक को दस लाख रूपए दिए और बाकी रकम बाद में देने की बात कही। पिछले दिनों जब परिवार के लोगों को जेवरात की जरूरत पड़ी तो उन्होने अलमारी खोली, लेकिन वहां पर कुछ नहीं था। जब विनायक से पूछा तो उसने सारी बात बताई। इसके बाद जब अभिषेक से संपर्क किया गया तो उसने पैसे व जेवरात देने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी। एसीपी मसूरी सर्किल सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभिषेक वर्मा निवासी गांव ढींढार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमों को लगाया गया है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# घर में चोरी की शिकायत, नकदी और जेवरात चोरी होने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अतरौली।** थाना बरला क्षेत्र के गांव इज्जतपुर निवासी विजय कुमार पुत्र भूरी सिंह ने घर में चोरी होने की शिकायत पुलिस से की है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ घर में सो रहा था। तड़के करीब चार बजे उसकी पत्नी पशुओं के लिए चारा डालने के लिए बाहर गई थी। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर सामान खंगाल दिया। पीड़ित के अनुसार पत्नी के वापस आने पर घर का सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर घर से नकदी व जेवरात गायब पाए गए। पीड़ित ने बताया कि चोरी हुए सामान में 7 अंगूठी, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी टॉप्स, 11 बाली, एक चांदी की चेन, दो जोड़ी रक्षा पत्ती, एक जोड़ी पाजेब तथा करीब चार हजार रुपये नकद शामिल हैं।

पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई। विजय कुमार ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर चोरी का खुलासा करने तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# खैर पुलिस व CIU की संयुक्त कार्रवाई, 24.50 लाख का माल बरामद, 3 शातिर चोर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना खैर पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग देहात की संयुक्त टीम ने 2 चोरी के मामलों का पदार्फाश करते हुए 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 24.50 लाख रुपये कीमत का चोरी का माल, नकदी, कार और अवैध असलाह बरामद हुआ है।

घटना का विवर21.07.2026 की रात वादी के घर का ताला तोड़कर जेवरात व रुपये चोरी करने पर वहीं 17.07.2026 को ग्राम बिलखौरा में एक अन्य घर से 70,000 रुपये व सोने-चांदी के आभूषण चोरी पर मु0अ0सं पुलिस कार्रवाईःघटना के खुलासे के लिए 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे अलीगढ़, आगरा, मथुरा व राजस्थान तक खंगाले गए। सीसीटीवी ट्रेल और सर्विलांस की टेक्निकल इनपुट के आधार पर टीम



ने 3 अभियुक्तों को थाना क्षेत्र खैर से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्तः प्रभू पुत्र खेम सिंह निवासी कुम्हार मोहल्ला, रुनकता, थाना सिकन्दरा, आगरा कैफ उर्फ मोहम्मद कैफ पुत्र इकबाल निवासी व्यापारी मोहल्ला, रुनकता, थाना सिकन्दरा, आगरा गणेश पुत्र खेमा उर्फ खेम सिंह निवासी कुम्हार मोहल्ला, रुनकता, थाना सिकन्दरा, आगरा बरामदगीः चोरी के सोने-चांदी के आभूषण 1,56,000 रुपये नकद चोरी के पैसों से खरीदी टाटानेक्सोन,कावढ 80FN1475 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस, 02 अवैध चाकू

कुल बरामद माल की कीमतः करीब 24,50,000

बरामदगी के आधार पर बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई। अवैध असलाह के संबंध में 3 अलग आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज किए गए।

आपराधिक इतिहासः

मुख्य अभियुक्त प्रभू के खिलाफ 18 मुकदमे आगरा और अलीगढ़ के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट में दर्ज हैं। अन्य दोनों अभियुक्तों पर भी खैर में चोरी के मुकदमे पंजीकृत हैं।गिरफ्तार करने वाली टीमःप्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार, उ0नि0 अभिषेक कुमार, उ0नि0 वैभव त्यागी व थाना खैर स्टाफ। सहयोगः* प्रभारी उ0नि0 पंकज वेदवान व उक्व देहात टीम। शामिल रहे।

# एसएसपी ने थानों के प्रभारी चौकी प्रभारी बदले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** रविवार देर रात पुलिस में रविवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदलते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

जारी आदेश के मुताबिक, साइबर सेल प्रभारी रहे पंकज कुमार मिश्रा को अकराबाद थाने का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं, अकराबाद के प्रभारी रहे विनोद कुमार अब दादों थाने की कमान संभालेंगे। दादों थाना प्रभारी रणजीत चौधरी का गैर जनपद स्थानांतरण होने के कारण उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया गया है। महिला उपनिरीक्षक ज्योति श्रीवास्तव, जो अब तक गंगीरी थाने की



थानाध्यक्ष थीं, उन्हें एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) थाने का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, छर्रा थाना क्षेत्र की कस्बा चौकी के प्रभारी विनोद कुमार को गंगीरी थाने का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, कानून व्यवस्था को मजबूत रखना और जनता की शिकायतों का समय पर समाधान पुलिस की पहली प्राथमिकता होगी। पुलिस विभाग के इस फेरबदल को जिले की पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। अब नए थाना प्रभारियों के सामने अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग और जनता का भरोसा मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी।

# गोंडा में 59 जोड़ों का सामूहिक विवाह मुख्यमंत्री योजना के तहत 4 मुस्लिम जोड़ों का भी निकाह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गोंडा में उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गोंडा में एक समारोह आयोजित किया गया। इसमें 59 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के लिए विकासखंड गोंडा, इगलास और खैर की विभिन्न ग्राम पंचायतों तथा नगर पालिका इगलास क्षेत्र से कुल 73 जोड़े पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 59 जोड़े आयोजन स्थल पर पहुंचे।

समारोह में कुल 59 जोड़ों का विवाह विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इनमें 55 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया, जबकि 4 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ा गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश आर्य ने किया और अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह ने की।



कार्यक्रम में विकासखंड गोंडा के ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरकार इस योजना के तहत प्रत्येक वर-वधू पर सहायता राशि पूरी पारदर्शिता के साथ खर्च करती है। योजना के तहत, कन्या के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से 64,000 रुपये की धनराशि सीधे भेजी जाती है। इसके अतिरिक्त, शादी से संबंधित घरेलू और उपहार सामग्री पर 21,000 रुपये तथा विवाह समारोह के आयोजन पर 15,000 रुपये सरकार द्वारा व्यय किए जाते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे जोड़ों का विवरण इस प्रकार हैरू गोंडा से 27 जोड़े, इगलास (नगर पंचायत) से 5 जोड़े, खैर से 9 जोड़े और इगलास (ग्रामीण क्षेत्र) से 18 जोड़े शामिल हुए। इस अवसर पर बीडीओ गोंडा/खैर आदिल फैज, बीडीओ इगलास चौतन्य पाठक, एडीओ समाज कल्याण बबलू कुमार, नायब तहसीलदार इगलास बीरेंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र कुमार और एडीओ पंचायत अवधेश तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही, गोंडा और खैर के समस्त पंचायत सचिव तथा अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

# खराब सड़क और जलभराव को लेकर सभासद ने तहसील दिवस में दी धरने की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में वार्ड नंबर 15 (भानपाड़ा) की निर्वाचित सभासद मधु वर्मा ने क्षेत्र की जर्जर सड़क और दोषपूर्ण नाला निर्माण की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वह स्थानीय निवासियों और बच्चों के अभिभावकों के साथ अनशन व धरने पर बैठने को बाध्य होंगी.

गड्ढों में तब्दील हुई मुख्य सड़क, हादसे का डर

तहसील दिवस में सौंपे गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, खत्रीपाड़ा मोड़ से लेकर भानपाड़ा मुख्य मार्ग की सड़क पूरी तरह टूट चुकी है. सड़क पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं. इसी मार्ग पर सिटी कान्वेंट और विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित स्कूल स्थित हैं. हर दिन हजारों छात्र-छात्राएं इसी टूटी सड़क से गुजरते हैं. गड्ढों के कारण कई बच्चे साइकिल से गिरकर घायल भी हो चुके हैं. इसके अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर, चामुंडा माता मंदिर और बड़ा महादेव मंदिर जाने का भी यही



मुख्य रास्ता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो रही है।

नाला निर्माण में गड़बड़ी, घरों में घुस रहा पानी

सभासद का आरोप है कि नगर पालिका अतरौली द्वारा बनाए गए नाले का ढलान विपरीत दिशा में कर दिया गया है. इस तकनीकी खामी के कारण नालियों और बारिश का पानी आगे बहने के बजाय पीछे भानपाड़ा के घरों में घुस रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार और नगर पालिका के जेई (सिविल) ने बिना सही साइट सर्वे किए, मनमाने ढंग से और अनुभवहीनता के साथ निर्माण कार्य कराया, जो सीधे तौर पर सरकारी धन का दुरुपयोग और घोर लापरवाही है. वर्तमान में नाले पूरी तरह जाम हैं, जिससे स्थिति भयानक हो चुकी है।

**कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

सभासद मधु वर्मा ने बताया कि वह इस संबंध में पहले भी नगर पालिका और अधिशासी अधिकारी को अवगत करा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है. उन्होंने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से भानपाड़ा की सड़क का सीसी (कंक्रीट) निर्माण कराया जाए और नाला निर्माण में हुई अनियमितताओं की जांच निर्माण निगम के जेई से कराई जाए. मांग पूरी न होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# एक पत्नी होते हुए दूसरी से की शादी, दोनों पहुंच गई थाने, किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के कस्बा इगलास में एक व्यक्ति ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी कर ली। अब उसने दूसरी पत्नी को भी घर से निकाल दिया और पहली पत्नी का कोर्ट में विवाद भी विचाराधीन है। जब दोनों पत्नियां को जानकारी हुई तो शनिवार को दोनों कोतवाली पहुंच गई और दोनों ने जमकर हंगामा किया। पहली पत्नी का आरोप है कि उसकी शादी इसी साल हुई थी। पति ने दहेज की मांग करते हुए उसे घर से निकाल दिया था। घरेलू हिंसा का मामला हाथरस कोर्ट में चल रहा है। पति ने दूसरी शादी कर ली है। इसकी जानकारी उसे दूसरी पत्नी से हुई। वहीं दूसरी पत्नी ने भी कोतवाली पहुंचकर



अपना प्रार्थना पत्र दिया। उसने आरोप लगाया है कि पहले से शादीशुदा होने की जानकारी छिपाकर युवक ने उससे चार माह पहले शादी की थी। उसको जब पति की पहली शादी की जानकारी हुई तो विरोध करने लगी। तभी से ससुरालीजन परेशान करने लगे हैं। दोनों ने पति पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ में दुकानदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिवार में मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कोतवाली ऊपरकोट वाटर टैंक के पास का निवासी अब्दुल्ला पुत्र मोहम्मद घोसी 45 वर्षीय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया मृतक की पहचान अब्दुल (45) के रूप में हुई है। हम आपको बता दें परिवार में उनकी पत्नी, तीन बेटे और दो बेटियां हैं। परिजनों के अनुसार अब्दुल शनिवार सुबह काम पर गए थे लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटे काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला।



रविवार सुबह करीब 11 बजे सूचना मिली कि हरदुआगंज थाने से आगे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की तो पता चला कि उनके पिता का शव है घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं, परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### खराब सड़क और जलभराव को लेकर सभासद ने तहसील दिवस में दी धरने की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में वार्ड नंबर 15 (भानपाड़ा) की निर्वाचित सभासद मधु वर्मा ने क्षेत्र की जर्जर सड़क और दोषपूर्ण नाला निर्माण की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वह स्थानीय निवासियों और बच्चों के अभिभावकों के साथ अनशन व धरने पर बैठने को बाध्य होंगी।

**गड्ढों में तब्दील हुई मुख्य सड़क, हादसे का डर**

तहसील दिवस में सौंपे गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, खत्रीपाड़ा मोड़ से लेकर भानपाड़ा मुख्य मार्ग की सड़क पूरी तरह टूट चुकी है. सड़क पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं. इसी मार्ग पर सिटी कान्वेंट और विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित स्कूल स्थित हैं. हर दिन हजारों छात्र-छात्राएं इसी टूटी सड़क से गुजरते हैं. गड्ढों के कारण कई बच्चे साइकिल से गिरकर घायल भी हो चुके हैं. इसके अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर, चामुंडा माता मंदिर और बड़ा महादेव मंदिर जाने का भी यही मुख्य रास्ता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो रही है।

**नाला निर्माण में गड़बड़ी, घरों में घुस रहा पानी**

सभासद का आरोप है कि नगर पालिका अतरौली द्वारा बनाए गए नाले का ढलान विपरीत दिशा में कर दिया गया है. इस तकनीकी खामी के कारण नालियों और बारिश का पानी आगे बहने के बजाय पीछे भानपाड़ा के घरों में घुस रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार और नगर पालिका के जेई (सिविल) ने बिना सही साइट सर्वे किए, मनमाने ढंग से और अनुभवहीनता के साथ निर्माण कार्य कराया, जो सीधे तौर पर सरकारी धन का दुरुपयोग और घोर लापरवाही है. वर्तमान में नाले पूरी तरह जाम हैं, जिससे स्थिति भयानक हो चुकी है।

**कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

सभासद मधु वर्मा ने बताया कि वह इस संबंध में पहले भी नगर पालिका और अधिशासी अधिकारी को अवगत करा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है. उन्होंने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से भानपाड़ा की सड़क का सीसी (कंक्रीट) निर्माण कराया जाए और नाला निर्माण में हुई अनियमितताओं की जांच निर्माण निगम के जेई से कराई जाए. मांग पूरी न होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### बिना सूचना दिनभर बिजली कटौती से उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा, 15 दिन से जारी कार्य बना परेशानी का सबब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत विभाग की कार्यशैली को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि पिछले करीब 15 दिनों से नमाज पड़ा फीडर पर विद्युत लाइन से संबंधित कार्य चल रहा है, जिसके चलते बिना किसी पूर्व सूचना के सुबह से ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। कई बार पूरे दिन बिजली नहीं आती और शाम करीब सात बजे आपूर्ति बहाल की जाती है। इससे हजारों उपभोक्ताओं का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग की ओर से न तो किसी प्रकार की पूर्व सूचना जारी की जाती है और न ही कटौती का समय बताया जाता है।

# देशी शराब के ठेके का अनुज्ञापी बच्चे से बिकवा रहा ठेके पर शराब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सरकार एक ओर नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान चला रही, वहीं आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से अलीगढ़ में इस अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। युवाओं को तो नशा मुक्त करने के लिए योजनाऐ बनायीं जा रही है, वहीं शराब के ठेकों पर नाबालिग बच्चों से शराब बिकबाई जा रही है। यह नजारा गांधीपार्क क्षेत्र में पला फाटक स्थित एक देशी शराब ठेके पर एक बच्चा खुले आम शराब बेचता देखा जा रहा है। इस देशी शराब के ठे-के का अनुज्ञापी त्रिभुवन सिंह खुले आम एक नाबालिग बच्चे से ठेके पर शराब बिकता है।




इसके लिए अकेले अनुज्ञापी त्रिभुवन सिंह और आबकारी विभ्रग के आलाधिकारी ही दौषी नहीं, बच्चे के परिवारीजन के लोग भी उससे कहीं अधिक दोषी है। जो अपने स्वार्थ के लिए बच्चे की जिदंगी से खिलवाड कर रहे हैं। लेकिन आबकारी विभाग के आलाधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने आलाधिकारियों का ध्यान इस और दिलाया है।

# एएमयू में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम हुआ। कैनेडी ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली। साथ ही प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा और सुना।

कार्यक्रम में एएमयू के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर मोहम्मद मोहसिन खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवाओं का नशामुक्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया।

प्रो. मोहसिन खान ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और पूरे समाज पर



नकारात्मक प्रभाव डालता है। इसलिए शिक्षण संस्थानों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर नशामुक्त वातावरण बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त भारत अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने प्रधानमंत्री के आह्वान को केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन बताया। छात्रों ने स्वयं नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल शिक्षा देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं से नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने की अपील की गई।

**कचरा मुक्त** | **सितंबर में शहर की सड़कों होंगी कचरा मुक्त**

# अब गली-मोहल्लों में नहीं बिखरेगा कचरा-नगर निगम सितंबर से सभी 90 वार्डों में शुरू करेगा टिप कार्ट मशीन व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शहर बनेगा कचरा मुक्त, सफाई व्यवस्था होगी अधिक प्रभावी और आधुनिक जगह जगह कचरे के ढेर से निजात मिलेगी। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव पहल करते हुए नगर निगम के सभी 90 पार्षद वार्डों में आगामी सितंबर माह से टिप कार्ट मशीनष के संचालन के निर्देश दिए हैं।

इस नई व्यवस्था के लागू होने से गली-मोहल्लों में हाथगाड़ी एवं साइकिल रिक्शा के माध्यम से कचरा ढोने के दौरान सड़क पर कचरा गिरने की समस्या पूरी तरह समाप्त होगी तथा शहर की सड़कों एवं गलियों को कचरा मुक्त बनाने के लक्ष्य को गति मिलेगी।

शहर में घर-घर से कूड़ा संग्रहण का कार्य कर रही अर्बन कंपनी द्वारा नगर निगम के टाटा एसीएस वाहन पर विशेष तकनीकी अटैचमेंट लगाकर तैयार की गई टिप कार्ट मशीन का प्रदर्शन (डेमो) नगर आयुक्त के समक्ष किया गया। मशीन की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं दक्षता का



अवलोकन करने के बाद नगर आयुक्त ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए आगामी सितंबर माह से सभी 90 वार्डों में लागू करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि टिप कार्ट मशीन एक हाइड्रोलिक अथवा मैकेनिकल लिफ्टिंग सिस्टम आधारित कचरा ट्रांसफर अटैचमेंट है, जिसे छोटे वाणिज्यिक वाहनों जैसे टाटा एसीई पर लगाया जाता है। यह मशीन हाथगाड़ी, ट्रॉली अथवा साइकिल रिक्शा में एकत्रित कचरे को बिना हाथ लगाए सुरक्षित तरीके से वाहन में स्थानांतरित करती है।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल घर घर से कचरा उठाना नहीं बल्कि कचरा परिवहन की पूरी प्रक्रिया को आधुनिक, वैज्ञानिक स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाना है। वर्तमान व्यवस्था में सफाई कर्मचारी हाथगाड़ी अथवा साइकिल रिक्शा से एकत्रित कचरे को दूर स्थित डंपिंग प्वाइंट तक ले जाते हैं, जिससे रास्ते में कचरा गिरने, दुर्गंध फैलने तथा सफाई कर्मचारियों को अनावश्यक दूरी तय करने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। टिप कार्ट मशीन इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान प्रस्तुत करेगी। महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा स्वच्छ सुंदर और आधुनिक अलीगढ़ हमारा संकल्प है। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था में तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सभी 90 वार्डों में टिप कार्ट मशीन लागू करने का निर्णय एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे गली-मोहल्लों में कचरा बिखरने की समस्या समाप्त होगी सफाई व्यवस्था अधिक व्यवस्थित बनेगी तथा सफाई कर्मचारियोंके कार्य करने की क्षमता और सुविधा दोनों में वृद्धि होगी।

# गढ़ रोड पर लोगों को जल भराव से मिलेगी राहत, एचपीडीए करीब दो करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण करायेगा: प्रभारी सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण गढ़ रोड पर होने वाले जलभराव से निजात दिलाने के लिए करीब दो करोड़ की लागत से सड़क

**एचपीडीए ने गढ़ रोड पर करीब आठ करोड़ से नाले का निर्माण भी कराया था**

का निर्माण करायेगा। प्राधिकरण द्वारा गढ़ रोड़ पर आठ करोड़ से नालो निर्माण भी कराया था।

एचपीडीए ने कुछ समय पहले गढ़ रोड पर फ्लाईओवर से ततारपुर बाईपास तक नाले का निर्माण कराया था। लेकिन नाले के साथ सड़क न बनने के कारण बरसात में पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी। इससे नाले वाली साइड में लगातार जलभराव की स्थिति बनी रहती थी,और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती थी।

स्थानीय लोगों ने कई बार जलभराव और टूटी सड़क को लेकर शिकायत की थी। उक्त समस्या को देखते हुए अब एचपीडीए ने सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर से आगे सड़क बनाई जाएगी। इसका निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग से स्टीमेंट भी बनवाया गया है।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि सड़क बनने से पानी की निकासी सुचारू हो जाएगी और जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही इस मार्ग पर यातायात भी सुगम हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने जिस ओर नाले का निर्माण कराया है,उस साइड प्राधिकरण द्वारा 600 मीटर की सड़क को ऊंचा उठाकर बनाया जायेगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: डीएम,सीडीओ व एडीएम ने 17 फरियादियों को दिलाया न्याय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़,धौलाना।** जनपद की तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी कविता मीना के नेतृत्व में सम्पूर्ण

- **जनता की शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निस्तारण:डीएम**
- **शिकायत का निस्तारण होने पर शिकायतकर्ता को अवगत कराये:कविता**
- **सम्पूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर से की जा रही है,समीक्षा**
- **जिलाधिकारी ने 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई**
- **पीडितों की सुनवाई थाना स्तर पर प्राथमिकता से न्याय दिलाये:एसपी**

समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व






डीएम गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करते हुए व जनता की शिकायत सुनती डीएम,एसपी,सीडीओ

ने शिकायतें सुनकर मौके पर 17 फरियादियों को न्याय दिलाया। शेष का शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण करके शिकायतकर्ता को अवगत कराने के अधिकारियों को निर्देशित किया।

हापुड़ में नगर पालिका परिषद सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने मौके पर ही 6 लोगों को न्याय दिलाया।

गढ़मुक्तेश्वर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने मौके पर 6 फरियादियों को न्याय दिलाया।

धौलाना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में किया। उन्होंने मौके पर 5 लोगों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी शिकायतें अवैध कब्जा हटवाने,सरकारी चकरोड़ से अवैध कब्जा हटवाने,रास्ता खुलवाने,सड़क निर्माण की जांच कराने,मुकदमा दर्ज कराने आदि की आई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 105 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें से अधिकारियों ने 17 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर एएसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह,सीएमओ डा.किशोर कुमार आहुजा,पीडी अनवर शेख,सदर प्रेमपाल,श्रीराम यादव,डीआईओएस डा.श्वेता पूठिया,बीएसए दीपा भाटी सहित सहित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

**शिकायतों को प्राथमिकता से करें निस्तारण**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी कविता मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया,कि शेष शिकायतों को प्राथमिकता से समय सीमा में निस्तारण करने के साथ शिकायतकर्ता को अवगत कराये। सम्पूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर से भी समीक्षा की जा रही है।

**डीएम ने गोद भराई कर,गर्भवती महिलाओं में पोषण किट वितरित की**

सम्पूर्ण समाधान से पूर्व जिलाधिकारी कविता मीना ने तहसील परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसमें डीएम ने पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म विधि विधान से संपन्न कराई।

**पीड़ितों की सुनवाई थाना स्तर पर ही हो**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया,कि पीड़ितों की सुनवाई थाना स्तर ही की जाये,थाने आने वाले पीड़ित को प्राथमिकता से न्याय दिलाया जाये।

# सीडीओ श्रुति शर्मा के औचक निरीक्षण से धौलाना गन्ना समिति में मचा हड़कंप,कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** धौलाना सहकारी गन्ना विकास समिति में शनिवार को हापुड़ की मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। उनके

**सफाई व्यवस्था पर लगाई कड़ी फटकार, कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश**

अचानक पहुंचने से विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिस पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण लेने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।निरीक्षण के समय समिति में केवल वरिष्ठ सहायक सुशील कुमार उपस्थित मिले। सीडीओ ने उनसे अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी मांगी, लेकिन वह संतोष जनक जवाब नहीं दे सके। इस पर सीडीओ ने कड़ी फटकार लगाते हुए विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र भेजने





के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था भी बेहद खराब मिली। मुख्य द्वार पर गंदगी देख सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था यह दशार्ती है कि कार्यालय में केवल हाजिरी लगाने की औपचारिकता निभाई जा रही है, जबकि कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।इस दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण किसानों को अपने कार्य कराने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी समय पर किसानों को उपलब्ध नहीं कराई जातीं।

सीडीओ श्रुति शर्मा ने बताया कि धौलाना तहसील में किसानों की शिकायत मिलने पर उन्होंने स्वयं मौके का निरीक्षण किया। जांच में कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले और सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं थी। उन्होंने कहा कि विभाग से सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का स्पष्टीकरण मांगा जाएगा तथा जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड यात्रा-2026: सीडीओ ने कांवड कार्ट को झंडी दिखाकर रवाना किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना के नेतृत्व में जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुगम,सुरक्षित एवं गरिमामय बनाने हेतु विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कांवड कार्ट रवाना करने के लिए साथ-साथ विभिन्न

- **जिला प्रशासन कांवड यात्रा सफल बनाने को प्रतिबद्ध है:सीडीओ**
- **महिला कांवडियों के लिए चेजिंग रूम व ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर स्थापित किये**

स्थानों पर महिला कांवडियों के लिए चेजिंग रूम व ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर स्थापित किये है।

मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने बताया कि महिला कांवडियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मार्ग पर पहली बार चेकिंग रूम एवं ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। इससे महिला श्रद्धालु अपनी धार्मिक यात्रा को बिना किसी असुविधा के पूर्ण कर सकेंगी।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को मार्ग में स्वच्छ एवं किफायती भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में 10 कांवड कार्ट स्थापित किए जा रहे हैं। उपजिलाधिकारी द्वारा इन कार्ट्स के लिए उपयुक्त स्थलों का






चिन्हांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

इन कार्ट्स के संचालन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपी गई है। जिन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

सीडीओ ने बताया कि कांवड कार्ट शुरू होने से श्रद्धालुओं को उचित दर पर सात्विक भोजन उपलब्ध होगा। एसएचजी की दीदियों को रोजगार एवं स्वावलंबन के नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्ट्स पर आजीविका मिशन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि कांवड यात्रा 2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। संपूर्ण कांवड़ मार्ग पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही मार्ग में क्यूआर,बारकोड आधारित हेल्प सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिसके माध्यम से श्रद्धालु आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन सेवा, सुरक्षा और स्वावलंबन के संकल्प के साथ कांवड़ यात्रा को सफल बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

# पहले आओ,पहले पाओ: एचपीडीए ने खाली फ्लैटों की बिक्री शुरू की: वीसी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने कम आय वर्ग के लोगों के लिए अपनी तीन आवासीय योजनाओं में खाली फ्लैटों की बिक्री शुरू करने के लिए एक अगस्त से पहले आओ पहले पाओ योजना शुरू की है। जो आगामी 31 अक्टूबर

- **ईडब्लूएस, एलआईजी, एमआईजी फ्लैट खरीदने को लोगों ने किये आवेदन**
- **आगामी 31 अक्टूबर माह तक पहले आओ,पहले पाओ योजना चलेगी**

माह तक चलेगी। फ्लैट खरीदने के लिए लोगों ने आवेदन करने भी शुरू कर दिये है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र ने बताया कि प्राधिकरण की आनंद विहार आवासीय योजना में अलकनंदा/कालिंदी अपार्टमेंट व प्रीत विहार द्वितीय योजना में ईडब्लूएस,एलआईजी व एमआईजी श्रेणी के 3,4 व 6 मंजिला फ्लैट यथास्थिति में बेचे






जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवेदन 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तक जनहित पोर्टल पर किए जा सकेंगे। सामान्य वर्ग को सम्पत्ति मूल्य का 10 प्रतिशत व आरक्षित वर्ग को 5 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी।

वीसी ने बताया कि आवंटन के एक माह के अंदर सामान्य को 20 प्रतिशत व आरक्षित को 25 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी। ईडब्लूएस को शेष राशि 120 मासिक किस्तों में 7 प्रतिशत ब्याज पर और एलआईजी व एमआईजी को 8 त्रैमासिक किस्तों में 9.70 प्रतिशत ब्याज पर देनी होगी। 45 दिन में पूरा भुगतान करने पर 6 प्रतिशत की छूट मिलेगी। फ्री होल्ड के लिए 12 प्रतिशत व कॉर्नर के लिए 10 प्रतिशत शुल्क अतिरिक्त देय होगा।

उन्होंने बताया कि पहले आओ,पहले पाओ योजना में फ्लैट खरीदने के लिए लोगों ने आवेदन करने शुरू कर दिये है। उन्होंने लोगों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# रजनी सिंह फरीदनगर नगर पंचायत की पैरवी हेतु जिला न्यायालय के लिए अधिवक्ता की नियुक्ति की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** नगर पंचायत फरीदनगर से जुड़े मामलों की प्रभावी पैरवी और पंचायत हितों की सुरक्षा के उद्देश्य से नगर पंचायत प्रशासन ने जिला न्यायालय गाजियाबाद में विचाराधीन वादों की पैरवी के लिए अधिवक्ता की अस्थायी नियुक्ति की है। नगर पंचायत कार्यालय से जारी पत्रांक 835/न०पं०/2026-27 दिनांक 30 जुलाई 2026 के अनुसार, अधिवक्ता रजनी सिंह, जिनका कार्यालय तहसील कंपाउंड, मोदीनगर स्थित चैम्बर संख्या-27 में है, को नगर पंचायत फरीदनगर से संबंधित मामलों की पैरवी के लिए अस्थायी रूप से पंचायत अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर की गई है।

जारी आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ता रजनी सिंह जिला न्यायालय गाजियाबाद में लंबित नगर पंचायत से संबंधित वादों का पंचायत के हित में प्रभावी ढंग से निस्तारण कराने के लिए विधिक कार्रवाई करेंगी। प्रत्येक वाद के सफल निस्तारण पर उन्हें 15 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। यह भुगतान सभी आवश्यक खर्चों



अधिवक्ता रजनी सिंह

सहित प्रति वाद के आधार पर किया जाएगा। नगर पंचायत प्रशासन का मानना है कि इस नियुक्ति से न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई और पैरवी अधिक व्यवस्थित ढंग से हो सकेगी तथा नगर पंचायत के हितों का बेहतर संरक्षण सुनिश्चित होगा। आदेश की प्रति नगर पंचायत फरीदनगर के अध्यक्ष को भी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई है। नगर पंचायत के इस निर्णय को लंबित वादों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वही अधिवक्ता रजनी सिंह को गाजियाबाद जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रियदीप शर्मा, सुशील शर्मा, आदि ने बधाई दी है ।

**सौंपा ज्ञापन** | **पांच अगस्त से अतिरिक्त हल्के और ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार की चेतावनी**

# विभिन्न लंबित मांगो को लेकर धौलाना के लेखपालों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील धौलाना इकाई ने शनिवार को अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी कल्पना सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तहसीलदार प्रवेश कुमार एवं नायब तहसीलदार दिव्यांशी सिंह भी मौजूद रहीं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि 5 अगस्त 2026 तक शासन और

**लेखपाल संघ ने उठाई लंबित मांगें**

राजस्व परिषद ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो प्रदेशभर के लेखपाल चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे।ज्ञापन में कहा गया है कि लंबे समय से लंबित समस्याओं के कारण लेखपालों में असंतोष व्याप्त है। संघ ने गृह मंडल में अंतर्मंडलीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल दोबारा खोलने, चयन वर्ष 2025-26 की पदोन्नति सूची जारी करने, चयन वर्ष 2024 की विभागीय परीक्षा का परिणाम एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र घोषित करने, स्टेशनरी, वाहन और विशेष भत्तों में वृद्धि करने,



भूलेख कार्यालयों व अन्य पटलों से संबद्ध लेखपालों को मूल कार्य पर वापस भेजने तथा ग्राम सचिवालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना लगाए जा रहे रोस्टर को समाप्त करने की मांग उठाई है।संघ ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी नहीं होने पर 5 अगस्त से सभी लेखपाल केवल अपने मूल हल्के में कार्य करेंगे तथा अतिरिक्त हल्कों का बहिष्कार करते हुए संबंधित बस्ते तहसील अथवा राजस्व निरीक्षक कार्यालय में जमा कर देंगे। आवश्यकता पड़ने पर ऑनलाइन कार्यों का भी बहिष्कार किया जाएगा। धौलाना तहसील अध्यक्ष निर्देशपाल चौधरी ने कहा कि लेखपाल संघ का उद्देश्य जनहित को प्रभावित करना नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों का समाधान कराना है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते शासन ने निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन के लिए शासन और राजस्व परिषद स्वयं जिम्मेदार होंगे।ज्ञापन सौंपने वालों लेखपाल टिंकू राम , अनुज चौधरी, प्रभात कुमार, राघवेंद्र चौधरी, सुनीता यादव, शमशेर आलम, संजीव चौधरी सहित उपस्थित रहे।

# वैद्य धनीराम शर्मा वैलनेस सेंटर में विशाल रक्तदान शिविर लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रविवार को वैद्य धनीराम शर्मा वैलनेस सेंटर एवं देव नंदिनी ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का




आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग कर रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया।

शिविर में वैद्य वरुण शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

डा. करुण शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद के महान शल्य चिकित्सक आचार्य सुश्रुत ने रक्त के महत्व का विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने बताया कि रक्तमोक्षण जैसी आयुर्वेदिक प्रक्रियाओं का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में मिलता है, जो विभिन्न विकारों में लाभकारी मानी गई हैं। उन्होंने स्वस्थ व्यक्तियों से चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार 4 से 6 माह के अंतराल पर रक्तदान करने का आह्वान किया।

डॉ.आशुतोष,डॉ. सुरेश एवं डॉ. शिव कुमार की देखरेख में लोगों ने

**आयोजित शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान**

शिविर में रक्तदान किया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

**NAME CHANGE**

GIZALA SHAHIN, WIFE OF MOHD SHAHID KHAN, RESIDENT OF H. NO. 1999, GALI NO. 04, SHIVDAYALPURA, HAPUR, DISTRICT HAPUR, UTTAR PRADESH, HAVE CHANGED MY NAME FROM GIZALA SHAHIN TO GHAZALA SHAHIN BY AFFIDAVIT. HENCEFORTH, I SHALL BE KNOWN AS GHAZALA SHAHIN FOR ALL PURPOSES.

## सम्पादकीय

# सचमुच नई पीढ़ी का आंदोलन




**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

नीट यूजी पेपर लीक के खिलाफ जंतर मंतर का आंदोलन सचमुच नई पीढ़ी का आंदोलन थे। सिर्फ इस लिहाज से नहीं कि नई पीढ़ी के लोग इसमें शामिल हुए। वह एक पहलू है कि वयस्क होने से पहले की उम्र वाले किशोर और युवा इस आंदोलन का हिस्सा बने। इस लिहाज से भी यह नई पीढ़ी का आंदोलन था कि इसमें नए साधनों और नए माध्यमों का खुल कर इस्तेमाल हुआ। छात्र और युवा सोशल मीडिया के जरिए अपना नैरेटिव बना रहे हैं। उनकी रचनात्मकता देखना वाली है। वे पारंपरिक मीडिया या पुराने व स्थापित सोशल मीडिया हैंडल्स के भरोसे नहीं हैं। वे अपना कंटेंट तैयार कर रहे हैं और उसे प्रचारित कर रहे हैं।

तभी उनके ऊपर इस बात का असर नहीं पड़ा कि मीडिया या सोशल मीडिया इसको कैसे दिखाता है और सरकार किस तरह से इसकी साख बिगाड़ने का प्रयास करती है। वह प्रयास होता रहा लेकिन उस पर भारी युवाओं का अपना कंटेंट था। उन्होंने बहुत प्रभावी तरीके से सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया।

इसी तरह ऐप बेस्ड सेवाओं का इस्तेमाल जैसा इस आंदोलन में हुआ वैसा पहले कभी नहीं हुआ। वैसे भी नए समय का पहला बड़ा आंदोलन है। तभी कई दिन तक नई दिल्ली के आसपास के सारे मेट्रो स्टेशन बंद रहने पर भी छात्रों को परेशानी नहीं हुई। उन्होंने सबके रास्ते निकाले। ऐप बेस्ड कैब सेवाएं हों या ऐप बेस्ड फूड डिलीवरी की सेवा हो, जंतर मंतर पर सबका इस्तेमाल हुआ।

इसी तरह आंदोलनकारी अपने नारों और कंटेंट में भी बहुत अलग हैं। वे पुराने नारों से अपनी लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं। बहुत लोगों को बुरा लगा है और वे पुराने जमाने के नारे लिख कर बता रहे हैं कि पहले कितना सारगर्भित और साफ सुथरा नारा हुआ करता था। यह भी कहा जा रहा है कि युवाओं के नारे अश्लील हैं और इससे उनका आंदोलन प्रभावित हो रहा है। लेकिन इस तरह की बातों से युवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है। वे बिना किसी शर्मिंदगी या बिना किसी माफीनामे के अपनी बात कह रहे हैं। पहली बार सरकार और भाजपा के पूरे इकोसिस्टम को लगा कि छात्रों व युवाओं के जिस समूह के साथ प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा करते थे या जिनके लिए एग्जाम वारियर्स नाम से किताब लिखी है वे नाराज होते हैं तो क्या कर सकते हैं? अब तक सरकार ने उनका सद्भाव देखा था लेकिन अब उन्होंने नाराजगी दिखाई है। सद्भाव और समर्थन दिखाने का उनका तरीका भी वैसा था, जैसे विरोध दिखाने का है। पहले वे इस तरह की बातों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों के लिए करते थे, तब सरकार और भाजपा के इकोसिस्टम को यह सब अच्छा लगता था। लेकिन अब उन्हीं की दवाई से उनका इलाज हो रहा है तो बुरा लग रहा है।




# यह तो बस शुरूआत है!



**एम.ए.बेबी, अनुवाद : संजय पराते**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों और युवाओं की जीत ने आजाद भारत के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। इससे यह साफ संकेत मिलता है कि इससे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की तानाशाह सरकार के अंत की शुरूआत होने का रास्ता खुल गया है।


कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने अपने विजय भाषण में इसका इशारा किया था कि यह भारत के मुख्य न्यायाधीश की 15 मई को की गई टिप्पणी ही थी, जिसमें उन्होंने बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोचों से की थी, जिससे भारी हंगामा हुआ और जिसका समापन सीजेपी के गठन से हुआ। युवाओं और छात्रों का गुस्सा, जो शुरू में ऑनलाइन दिखा था, बाद में नीट पेपर लीक और उसके कारण 22 छात्रों की दुर्भाग्यपूर्ण आत्महत्याओं के बाद सड़कों पर भी फैल गया।

**सरकारी दमन का सामना**

पूरी दुनिया ने देखा कि केंद्र सरकार ने इस विरोध-प्रदर्शन को दबाने के लिए किस तरह के हथकंडे अपनाए। विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर और उसके आस-पास मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। संसद मार्च के दिन, जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में जुटे छात्रों और युवाओं पर पुलिस ने बेरहमी से हमला किया और प्रदर्शन स्थल में तोड़-फोड़ की। सरकार की तरफ से हिंसा होने के बावजूद प्रदर्शनकारियों पर ही मुकदमे दर्ज किए गए। लेकिन प्रदर्शनकारी डरे नहीं ; सेंट्रल दिल्ली में यात्रा पर लगी पाबंदियों -- खासकर मेट्रो स्टेशनों के बंद होने और जंतर मंतर पर लोगों के जमा होने पर रोक के बावजूद, वे अगले ही दिन फिर से बड़ी संख्या में वहां पहुंचे। असल में, दिल्ली में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के साथ एकजुटता जताने के लिए देश भर में और विदेशों में भी छात्रों और युवा संगठनों ने प्रदर्शन आयोजित किए। प्रदर्शनकारियों को चारों ओर से चिकित्सकीय और कानूनी मदद मिली। जागरूक नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने प्रदर्शन स्थल तक पानी और भोजन पहुँचाया। एसएफआई, एआईएसएफ और आइसा जैसे संगठित छात्र आंदोलनों ने देश के हर कोने से समर्थन जुटाया। सीजेपी के ऑनलाइन अभियानों के जरिए आम जनता से भी स्वतःस्फूर्त समर्थन मिला। आखिरकार, इन आंदोलनों और लोगों के एकजुट प्रयासों ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेने में कामयाबी हासिल हुई। ??भले ही उन्हें अंततः झुकना पड़ा है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्मेंद्र प्रधान को बचाने की पूरी कोशिश की थी, जिसके कार्यकाल में देश के शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन हुआ है। इस घटना ने निश्चित रूप से सभी लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष सोच वाले लोगों के मन में यह उम्मीद फिर से जगा दी है कि भारत पर आज शासन कर रहे तानाशाह, कॉर्पोरेट और सांप्रदायिक ताकतों के गठबंधन को हराया जा सकता है।

**प्रगतिशील छात्र संगठन और वामपंथी पार्टियां**

देश के शिक्षा क्षेत्र की बात करें तो, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के खिलाफ पुरजोर संघर्ष करने की जरूरत है। यही वह मुख्य नीति है, जिससे तीन 'सी' -सेंट्रलाइजेशन (केंद्रीकरण), कमर्शियलाइजेशन (व्यापारीकरण) और कम्युनलाइजेशन (सांप्रदायिकीकरण)- पनपते हैं। यह शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और पूरी तरह से कुप्रबंधन का रास्ता भी खोलता है। इसीलिए, शिक्षा सुधारों के लिए एसएफआई पूरे भारत में विरोध प्रदर्शन संगठित कर रही है। बिहार के नालंदा में ऐसे ही एक विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही कांति कुमारी, जो बिहार एसएफआई की अध्यक्ष भी हैं और उनके कई साथी अभी भी जेल में हैं। ऐसे में, जवाबदेही की मांग करने वाले इस आंदोलन का हिस्सा बनना एसएफआई के लिए स्वाभाविक था। इस आंदोलन की शुरूआत से ही, वामपंथी-प्रगतिशील छात्र संगठनों ने सीजेपी के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने में मुख्य भूमिका निभाई। एसएफआई के अखिल भारतीय अध्यक्ष आदर्श साजी और संयुक्त सचिव आइशी घोष, अभिजीत दिपके के साथ भूख हड़ताल पर बैठे थे। आंदोलन की जीत के बाद, सीजेपी ने एसएफआई और ऐसे ही अन्य छात्र संगठनों के सहयोग और मार्गदर्शन को आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है और इसके लिए उनका धन्यवाद किया है। आशुतोष रांका ने ट्वीट किया कि आप लोगों ने इस आंदोलन में वाकई अहम भूमिका निभाई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तो बस पहला कदम था। अब प्रदर्शनकारियों पर थोपे गए केस वापस लिए जाने चाहिए और उन सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, जिन्होंने हमारे छात्रों और युवाओं पर बेरहमी से हमला किया। नीट में गड़बड़ी के शिकार पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। अंततः, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग किया जाना चाहिए और नई शिक्षा नीति, 2020 को भी वापस लेना होगा। संघर्ष की भावना को आगे बढ़ाते हुए, एसएफआई समेत वामपंथी प्रगतिशील छात्र संगठन इन मांगों को लेकर दबाव बना रहे हैं। सीपीआई(एम) और वामपंथी पार्टियां शुरू से ही इस आंदोलन के साथ खड़ी रहीं हैं, क्योंकि हम ऐसी लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक शिक्षा में विश्वास करते हैं, जिस तक सबकी पहुंच हो। हमने मांग की है कि छात्रों के मुद्दे पर संसद में सबसे पहले चर्चा होनी चाहिए। हमारे नेताओं और सांसदों ने उनसे मुलाकात की और इसे बड़े पैमाने पर आंदोलन बनने से पहले ही अपना समर्थन दिया और एकजुटता दिखाई। इस आंदोलन में वामपंथ की भूमिका इतनी अहम थी कि 'द वायर' जैसे पोर्टल्स और 'टाइम्स ऑफ इंडिया' जैसे अखबारों को भी यह मानना पड़ा कि इस आंदोलन को सफल बनाने में हमने और छात्र संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल ने इस आंदोलन के पक्ष में व्यापक समर्थन जुटाने में अहम योगदान दिया। यह खुशी की बात है कि खेल, कला, सिनेमा और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां भी इस आंदोलन के समर्थन में आगे आईं।




**विरोध की लहरें**

इस संघर्ष का सबसे बड़ा सबक यही है कि अब डर खत्म हो गया है। जेन-जी ने दिखा दिया है कि डरने का और संघर्षों से दूर भागने का समय अब खत्म हो चुका है। एकजुट होकर किए गए संघर्ष ही जीतते हैं, यह इस आंदोलन से मिली एक और अहम सीख है। पांच साल पहले, किसानों और खेत मजदूरों के साल भर चले ऐतिहासिक संघर्ष ने भी यही साबित किया था। इस संघर्ष में करीब 700 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। संसद में विपक्ष के कड़े विरोध के बावजूद, जो तीन कृषि कानून अलोकतांत्रिक तरीके से थोपे गए थे, उन्हें उसी संसद को वापस लेना पड़ा। यह पहला मौका था, जब 56 इंची सरकार को एकजुट संघर्षों के जरिए जाहिर हुई जनता की इच्छा के आगे झुकने के लिए मजबूर होना पड़ा था। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा दूसरा ऐसा ही उदाहरण है।

महिलाओं के संगठन संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण को तुरंत लागू करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। कुछ महीने पहले ही पूरे उत्तर भारत में मजदूरों के स्वतःस्फूर्त विरोध-प्रदर्शन हुए थे। उससे पहले, सीपीआई (एम) की पहल पर उत्तर भारत के 13 राज्यों में लोगों की आजीविका से जुड़े मुद्दों को लेकर 'जन आक्रोश जत्थे' निकाले गए थे। ठीक उससे पहले, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने एक आम हड़ताल का सफलतापूर्वक आयोजन किया था, जिसका संयुक्त किसान मोर्चा ने समर्थन किया था। संक्षेप में, देश में विरोध की लहरें चल रही हैं, जिनमें महिलाएं, मजदूर, किसान, खेत मजदूर, छात्र और युवा -- सभी आरएसएस-भाजपा गठबंधन का विरोध करने के लिए आगे आ रहे हैं।

अब समय आ गया है कि संघर्ष के रास्ते पर चल रहे सभी लोगों की एकता को बनाए रखा जाए, इस संघर्ष में दूसरे और संगठनों व सामाजिक ताकतों को शामिल किया जाए और केंद्र व राज्यों में, जहाँ भी भाजपा सत्ता में है, उन्हें हटाने के लक्ष्य पर केंद्रित आंदोलन चलाए जाएँ। आरएसएस और भाजपा ने लोगों की एकता को तोड़ने के लिए उन्हें बाँटने की अपनी पुरानी चालें शुरू कर दी हैं। इस बार, वे छात्र समुदाय को बाँटने के लिए आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। इन चालाकियों के बीच, जेन-जी को सतर्क रहना चाहिए, एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए और अवसरों की पर्याप्त कमी के समाधान के तौर पर ज्यादा सीटों और नौकरियों की माँग करनी चाहिए। साथ ही, भारतीय समाज, खासकर इसके शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों को जहरीले प्रभावों से मुक्त करने के लिए आरएसएस के खिलाफ एक बड़े आंदोलन की भी जरूरत है। अंततः, इन नए आंदोलनों से ही नव-फासीवादी ताकतें घुटने टेकने पर मजबूर होंगी।

**(लेखक सीपीआई-एम के महासचिव और पूर्व सांसद हैं। वे केरल के शिक्षा मंत्री भी रहे हैं। अनुवादक अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा के उपाध्यक्ष हैं।**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या अश्लीलता का महिमामंडन?



**डॉ. प्रियंका सौरभ**

जंतर-मंतर लोकतांत्रिक भारत का वह सार्वजनिक मंच है जहाँ नागरिक अपनी बात सरकार और समाज तक पहुँचाने के लिए एकत्र होते हैं। यह स्थान संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक है। लेकिन जब किसी विरोध प्रदर्शन में भाषा की मर्यादा टूट जाती है, गाली-गलौज को प्रतिरोध का औजार बना दिया जाता है और अश्लीलता को साहस का पर्याय बताकर उसका उत्सव मनाया जाने लगता है, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा क्या है? क्या लोकतंत्र में विरोध का अर्थ हर प्रकार की भाषा और व्यवहार को वैध ठहराना है? या फिर स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा हुआ है?

हाल के दिनों में जंतर-मंतर पर कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा सार्वजनिक रूप से अत्यंत आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग चर्चा का विषय बना। इस पर समाज का एक वर्ग इसे "पितृसत्ता के विरुद्ध विद्रोह" और "निर्भीक स्त्री की आवाज" बताकर समर्थन करता दिखाई दिया। दूसरी ओर अनेक लोगों ने इसे सामाजिक मर्यादा, सार्वजनिक शालीनता और संवैधानिक जिम्मेदारी के विरुद्ध माना। यह बहस केवल किसी एक घटना की नहीं, बल्कि उस दिशा की है जहाँ समाज अभिव्यक्ति की सीमाओं को पुनर्परिभाषित करने की कोशिश कर रहा है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (क) प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। लेकिन यही संविधान अनुच्छेद 19 (2) के माध्यम से यह भी स्पष्ट करता है कि यह स्वतंत्रता पूर्णतः निरंकुश नहीं है। सार्वजनिक व्यवस्था, शिष्टाचार, नैतिकता, मानहानि, न्यायालय की अवमानना और राष्ट्र की सुरक्षा जैसे आधारों पर इस स्वतंत्रता पर युक्तिसंगत प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। अर्थात संविधान स्वयं यह स्वीकार करता है कि स्वतंत्रता और जिम्मेदारी साथ-साथ चलती हैं। किसी भी लोकतंत्र में विरोध का अधिकार आवश्यक है। सरकार की आलोचना, नीतियों पर प्रश्न और असहमति लोकतांत्रिक व्यवस्था की शक्ति हैं। लेकिन यदि विरोध की भाषा समाज में घृणा, अश्लीलता या हिंसक मानसिकता को बढ़ावा देने लगे तो उसका मूल्यांकन केवल "स्वतंत्र अभिव्यक्ति" के आधार पर नहीं किया जा सकता। सार्वजनिक जीवन में प्रयुक्त भाषा समाज की संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों पर भी प्रभाव डालती है। यह भी विचारणीय है कि यदि कोई पुरुष सार्वजनिक मंच से उसी प्रकार की भाषा का प्रयोग करे, तो क्या समाज और कानून की प्रतिक्रिया वही होगी जो किसी महिला के मामले में होती है? यदि उत्तर "नहीं" है, तो यह समानता के सिद्धांत के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — नशे की ओर फिर रुझान हो सकता है, करियर, विद्या को लेकर चिंतित रह सकते हैं, गायन, गणित, अकाउंट, मार्केटिंग सम्बन्धित क्षेत्र में प्रगति करेंगे, बहन से मदद मिल सकती है। भाग्य प्रतिशत-57

**वृषभ** — स्वास्थ्य में सुधार होने लगेगा, नैतिक या अनैतिक कार्य से बड़ा धन लाभ सम्भव हैं, माता को अधिक चिंता रह सकती है, जरूरी यात्रा करेंगे। भाग्य प्रतिशत-60

**मिथुन** — पैसे कमाने के लिए तेज बुद्धि रहेगी, त्वचा, दांत, नसों के रोग सम्भव हैं, प्रेम और विवाह समबन्ध में मुशकि ल आ सकती है, अपने लिए सही कोर्स और क्षेत्र चुने। भाग्य प्रतिशत-51

**कर्क** — किसी बात पर गहरी चिंता कर सकते हैं, जंगली और जहरीले जानवर से बचें,औषधि सोच समझकर ले, पैसे सोच समझकर खर्च करें, चरित्रहीन प्रेमी,प्रेमिका से सम्बन्ध ना जोड़े। भाग्य प्रतिशत-50

**सिंह** — संत से धार्मिक ज्ञान लेना,पुण्य कमाना चाहेंगे, धनिक लोगों से मैत्री और लाभ होगा, किसी रिश्ते पर संदेह कर सकते हैं, प्रोपर्टी बनाना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-65

**कन्या** — सब ओर से प्रसन्नता होगी, यात्रा में सामान खोने,विवाद से बचें, गर्भवती है तो थायरायड समस्या सम्भव हैं, किसी ऊंचे धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-63

**तुला** — विदेश जाने का प्रबंध हो सकता है, उच्च शिक्षा करियर में काम आ जाएगी, गणेश जी के दर्शन कर सकते हैं,मेनेजमेंट के लोग प्रभावित होंगे। भाग्य प्रतिशत- 69


**वृश्चिक** — -उधार दिया पैसा मुश्किल से मिल जाएगा,प्रेम संबंध, शिक्षा में निरसता अनुभव करेंगे, व्यवसाय में साझेदार से बना कर रखे, घर में जल, वास्तुदोष सम्बन्धित समस्या सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-52

**धनु** — हंसी खुशी का माहौल रहेगा, कॉमेडियन, संगीत कार्यक्रम ई-कॉमर्स, प्रिंटिंग क्षेत्र में लोग अच्छा पैसा कमा लेंगे,घर में छोटे बच्चे का ध्यान रखे। भाग्य प्रतिशत-73

**मकर** — क्रिएटिव कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी, मौसी बुआ के घर शुभ घटना होगी, धन जोड़ने, परिवार से किसी के दूर जाने पर चिंता होगी, जीवन साथी को प्रसव पीड़ा सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-57

**कुंभ** — बहोत अधिक सोच विचार से दुविधा बढ़ सकती है, पैसे का बंदोबस्त हो जाएगा, घर पर कुछ चल रहा है तो देखे, संयम ना खोए। भाग्य प्रतिशत-57

**मीन** — कमर्शियल प्रोप्टी, घर लेने का प्रयास कर सकते हैं, तकनीकी कार्य, पुलिस स्टेशन जाना सम्भव हैं, बाहर जा रहे हैं तो जरूरी फाइल, कागज अच्छे से रखें। भाग्य प्रतिशत-55



**अशनिका शर्मा ज्योतिष।**
**हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423**

# मानसून का कहर बना राष्ट्रीय चुनौती



**कांतिलाल मांडोत**

देश में मानसून एक बार फिर अपने रौद्र रूप में दिखाई दे रहा है। उत्तर भारत से लेकर पश्चिम, मध्य और पूर्वोत्तर भारत तक बारिश ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कहीं नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तो कहीं शहरों में जलभराव ने परिवहन व्यवस्था ठप कर दी है। उत्तर प्रदेश में गंगा का पानी बिजनौर में बहसूमा-ठाकुरद्वारा राज्य मार्ग तक पहुंच गया है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा, घाघरा-सरयू सहित कई नदियां उफान पर हैं। बलिया में सरयू नदी के कटाव से मकान नदी में समा गए हैं और कई परिवारों के सामने विस्थापन का संकट खड़ा हो गया है।

भारतीय मौसम विभाग ने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश तथा पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई स्थानों पर ऑरेंज और रेड अलर्ट लागू हैं। गुजरात और उत्तराखंड के कई जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

गुजरात इस समय सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में शामिल है। बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव के असर से सूरत, खेड़ा, नडियाद तथा आसपास के इलाकों में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। सूरत जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है। राहत शिविरों में भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए बड़े होर्डिंग, कमजोर ढांचों और अस्थायी शेड हटाए जा रहे हैं। हाईमास्ट लाइटों को सुरक्षित स्थिति में लाया गया है और निमार्णाधीन परियोजनाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

सूरत महानगरपालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें तथा अफवाहों पर विश्वास न करें। पशुपालकों से भी कहा गया है कि वे अपने पशुओं को ऐसे स्थान पर न बांधें जहां बाढ़ की स्थिति में उन्हें नुकसान हो सकता है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एक अगस्त की सुबह तक का समय सबसे अधिक संवेदनशील माना जा रहा है और सभी विभाग चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं।

सूरत के उद्योग क्षेत्रों में हालात बेहद चिंताजनक हैं। जुलाई के पहले सप्ताह में आई बाढ़ से कई औद्योगिक इकाइयों में आठ से तीस फीट तक पानी भर गया था। करोड़ों रुपये की मशीनरी, कच्चा माल, तैयार उत्पाद, विद्युत उपकरण, दस्तावेज और फर्नीचर नष्ट हो गए। इसके बाद जुलाई के अंतिम सप्ताह में हुई बारिश ने उद्योगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। उद्योगपतियों का कहना है कि प्रत्येक इकाई को दस से पंद्रह लाख रुपये अथवा उससे अधिक का नुकसान हुआ है। इसी कारण उन्होंने नगर प्रशासन से आगामी दो वर्षों का संपत्ति कर माफ करने की मांग की है। बाढ़ से परेशान उद्योगपतियों ने अपनी पीड़ा सीधे महापौर और नगर प्रशासन के समक्ष रखी तथा राहत पैकेज की मांग दोहराई।

उत्तर प्रदेश में भले ही मैदानों में मानसून कुछ कमजोर पड़ा हो, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही वर्षा का असर नदियों पर साफ दिखाई दे रहा है। गंगा, घाघरा और सरयू जैसी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। राज्य के चौबीस जिलों में वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है जबकि ललितपुर, मिजार्पुर और सोनभद्र में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

उत्तराखंड में पिछले कई दिनों से रुक-रुककर वर्षा जारी है। बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और सड़क अवरोध की आशंका बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश में भी कांगड़ा सहित कई जिलों में तेज बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है और मौसम विभाग ने आगामी दिनों तक मानसून सक्रिय रहने की संभावना जताई है। बिहार में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय है। पच्चीस जिलों में तेज हवा, वर्षा और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन लोगों से खुले स्थानों में जाने से बचने और मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की अपील कर रहा है। मध्य प्रदेश में तीन मजबूत मानसूनी तंत्र सक्रिय होने के कारण पश्चिमी हिस्सों में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

दूसरी ओर पश्चिमी राजस्थान में मौसम का बिल्कुल अलग रूप देखने को मिल रहा है। जैसलमेर और बाड़मेर में पश्चिमी हवाओं के कारण तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। यह स्थिति दशार्ती है कि एक ही समय देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम की चरम परिस्थितियां मौजूद हैं।

पूर्वोत्तर भारत विशेषकर असम में बाढ़ की स्थिति अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी है। लगातार बारिश और नदियों के उफान के कारण हजारों गांव प्रभावित हुए हैं। अनेक लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। इस वर्ष की बाढ़ में कई लोगों की जान जा चुकी है और लाखों नागरिक प्रभावित हुए हैं। बड़ी संख्या में कृषि भूमि जलमग्न हो गई है, पशुधन का नुकसान हुआ है तथा सड़कें, पुल और अन्य सार्वजनिक ढांचे क्षतिग्रस्त हुए हैं। बाढ़ के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका पर भी गहरा असर पड़ा है। प्रशासन और राहत एजेंसियां लगातार बचाव कार्यों में जुटी हैं, लेकिन चुनौती अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है।

देश के अनेक हिस्सों से सामने आ रही तस्वीरें स्पष्ट संकेत देती हैं कि जलवायु परिवर्तन के दौर में मौसम की चरम घटनाएं अधिक गंभीर होती जा रही हैं। ऐसे समय में केवल सरकारी तैयारियां पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही आवश्यक है। मौसम विभाग और प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करना, अनावश्यक यात्रा से बचना, जलभराव वाले क्षेत्रों में वाहन न ले जाना, नदी-नालों के किनारे नहीं जाना, बिजली के खंभों और पेड़ों से दूरी बनाए रखना तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मानसून जीवनदायिनी वर्षा लेकर आता है, लेकिन लापरवाही इसे बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। यदि प्रशासन की तैयारी और जनता की सावधानी साथ-साथ चले तो प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़ा पर भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**सम्भल (लायबा नूर)।** जनपद में माटीकला शिल्प को बढ़ावा देने और कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को ग्राम खेड़ा खास,तहसील चन्दौसी में उ०प्र० माटीकला बोर्ड,सम्भल द्वारा जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कारीगरों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अनिल कुमार कर्णवाल ने उपस्थित लोगों को माटीकला बोर्ड एवं खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना,माटीकला टूल किट्स योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कारीगरों को कौशल सुधार प्रशिक्षण,बैंक ऋण से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और पारंपरिक कला को नया जीवन देना है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय दर्जा राज्यमंत्री मन्जू दिलेर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमरपाल सिंह,राजीव कुमार,दिवाकर शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही,जिससे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली।

# एमएम डिग्री कॉलेज में दहेज प्रथा के उन्मूलन का लिया संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना, आंतरिक शिकायत समिति एवं रोवर्स-रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में दहेज विरोधी जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो वंदना शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ सुनीता सिरोही ने कहा कि दहेज प्रथा समाज की गंभीर कुरीतियों में से एक है जो आर्थिक बोझ बढ़ाने के साथ महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को भी प्रभावित करती है। उन्होंने युवाओं से दहेज न लेने और न देने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन की शुरूआत युवा पीढ़ी से ही संभव है। उन्होंने समानता, सम्मान और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया।



प्राचार्या प्रो वंदना शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों का विकास करना भी है। उन्होंने दहेज मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। जिसके बाद विद्यार्थियों ने दहेज मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीरेन्द्र कुमार ने किया।

आईसीसी प्रभारी डॉ सीमा राज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ कोमल गुप्ता, डॉ रविन्द्र कुमार, पूजा त्यागी, डॉ नीतू कुमार, डॉ प्राची अग्रवाल, डॉ योगेन्द्र प्रसाद सक्सेना सहित एनएसएस एवं रोवर्स-रेंजर्स के स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और विश्वास से ही संभव है ईश्वर का साक्षात्कार: आचार्य प्रमोद कृष्णम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (मोनू कुमार)।** श्री कल्कि धाम में आयोजित मासिक सत्संग में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन यज्ञ से हुई,जिसमें आचार्य प्रमोद कृष्णम जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ अर्पित कर समस्त मानवता के कल्याण की कामना की।

सत्संग को संबोधित करते हुए आचार्य जी ने कहा कि आध्यात्मिक यात्रा का पहला कदम है–जहाँ हो,वहीं के होकर रहो। उन्होंने बताया कि जब व्यक्ति वर्तमान में रहकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करता है,तभी उसके भीतर आत्मबोध की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। भगवान बुद्ध का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि बुद्ध का संदेश प्रत्येक व्यक्ति को ईश्वर प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है,न कि स्वयं को सामान्य बताने के लिए।आचार्य प्रमोद कृष्णम जी ने मंत्रों की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मंत्र केवल शब्द नहीं,बल्कि विश्वास की शक्ति से ही प्रभावी बनते हैं। जब श्रद्धा जुड़ती है,तब साधारण मंत्र भी महामंत्र बन जाता है।




उन्होंने कहा कि बिना श्रद्धा के भगवान केवल पत्थर हैं,लेकिन विश्वास जुड़ते ही वही मूर्ति परमात्मा का साक्षात अनुभव कराती है।उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अत्यंत सौभाग्यशाली हैं,जिन्हें उस पवित्र भूमि पर जन्म मिला है जहाँ भविष्य में भगवान श्री कल्कि अवतार लेंगे। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने सनातन संस्कृति के संरक्षण और सेवा का संकल्प लिया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# किशोर की हत्या पर सपा नेताओं ने जताया शोक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव कलछीना निवासी 13 वर्षीय मोहम्मद शाद की दिल्ली के उस्मानपुर क्षेत्र में चाकू मारकर हत्या किए जाने की घटना पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव और मोदीनगर विधानसभा से चुनाव लड़ने हेतु टिकट के दावेदार गिरीश मथुरिया सैन ने कहा कि एक मासूम की निर्मम हत्या अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने पीड़ित परिवार का हर संभव सहयोग किया जाने का आश्वासन दिया। प्रदेश कार्यकारी सदस्य कृष्णा रुहेला ने कहा कि पीड़ित परिवार इस कठिन समय में अकेला नहीं है। समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है और प्रशासन से परिवार को न्याय तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग करती है।

शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में बॉबी सैन, फिरोज चौहान, हाजी दिलशाद, वसीम, इरफान, मुल्लाजी शराफत, भूरे, तरीफ अली, गुल्लू, मास्टर जी हामिद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




**क्या था मामला**

ज्ञात हो कि मोहम्मद शाद दिल्ली में रंगाई आदि का कार्य कर परिवार का सहयोग करता था। आरोप है कि अज्ञात हमलावरों ने उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी और शव को शास्त्री पार्क स्थित डीडीए पार्क के एक गड्ढे में फेंककर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त होने पर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। और दिल्ली पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है।

# सारा मार्ग के चौड़ीकरण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सारा मार्ग के चौड़ीकरण एवं अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर गांव सारा व गोविंदपुरी के लोगों ने तहसील पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मार्ग पर हुए अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है। जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महर्षि इंटर कॉलेज परिसर के सामने एकत्र हुए ग्रामीण बैनर-पोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में तहसील पहुंचे। इसके बाद उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठकर सड़क का चौड़ीकरण कराने और अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लंबे समय से मार्ग पर अवैध कब्जे बने हुए हैं लेकिन संबंधित विभाग द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे क्षेत्र में यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाकर सड़क का चौड़ीकरण नहीं कराया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। जिसके बाद एसडीएम कोमल पंवार ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मामले की स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कराने का भरोसा दिया।


मार्ग चौड़ीकरण की मांग करते प्रदर्शनकारी

# कांग्रेसियों ने की एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू करने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** निजी विद्यालयों में महंगी निजी प्रकाशकों की पुस्तकें अनिवार्य कर अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शहर अध्यक्ष बृजेश सेन एवं पीसीसी सदस्य सुनील शर्मा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य रूप से लागू कराने की मांग की गई।

पीसीसी सदस्य सुनील शर्मा का आरोप था कि मोदीनगर क्षेत्र के अनेक सीबीएसई, वित्तपोषित एवं वित्तविहीन विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा बारह तक निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें छात्रों पर थोपी जा रही हैं। कई विद्यालय एनसीईआरटी की पुस्तकों के साथ निजी प्रकाशकों की पुस्तकें भी अनिवार्य कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था कमीशनखोरी को बढ़ावा देती है और शिक्षा की एकरूपता को भी प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई के उपनियमों के अनुसार जहां एनसीईआरटी अथवा एससीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध हैं वहां उन्हीं का उपयोग किया जाना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की जाएं, नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा अभिभावकों को राहत दिलाई जाए।द इस अवसर पर चांदवीर चौधरी, ओमपाल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, कामेश शर्मा, हरीश खुल्लर, संजय शर्मा, आदेश त्यागी, सुरेश दोसा, वकील अहमद, ममता शर्मा, सुखबीर, सतपाल सिंह, सेंसरपाल, सोनम, समसा खान, रानी, राजकुमार त्यागी, सुधीर कुमार, ज्ञानेश्वर शर्मा, अनस सैफी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गोल्डन लायनेस क्लब की पदाधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** हाईवे स्थित एक फार्म हाउस के सभागार में आयोजित गोल्डन लायनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट इंस्टॉलेशन समारोह में गोल्डन लायनेस क्लब मोदीनगर टाउनशिप की पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। समारोह में गोल्डन लायनेस मनजीत चौधरी को चीफ एडवाइजर, गोल्डन लायनेस अनिता गुप्ता को जोन चेयरपर्सन तथा गोल्डन लायनेस सुरभि शर्मा को कमेटी चेयरपर्सन की जिम्मेदारी प्रदान की गई। नई जिम्मेदारियां मिलने पर उपस्थित लायनेस सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चीफ एडवाइजर मनजीत चौधरी, जोन चेयरपर्सन अनिता गुप्ता व कमेटी चेयरपर्सन सुरभि शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह दायित्व मेरे लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। हम सभी सदस्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सरोकारों के कार्यों को टीम भावना के साथ आगे बढ़ाते हुए क्लब की पहचान को और मजबूत करेंगे। समारोह के दौरान जियो और जीने दो विषय पर बैनर प्रस्तुति प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 24 क्लबों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गोल्डन लायनेस क्लब मोदीनगर टाउनशिप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप शील्ड अपने नाम की। इसके अलावा समारोह में क्लब के 19 सदस्यों की सहभागिता के लिए सर्वाधिक उपस्थिति का पुरस्कार भी क्लब को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ सदस्य सुनीता शर्मा, सुमन बजाज, अध्यक्ष शिखा तायल और सचिव दीपा जटवानी ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए इसे क्लब के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।



# तहसील की जर्जर सड़क व महिला शौचालय निर्माण की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** बार एसोसिएशन मोदीनगर ने तहसील परिसर की जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण तथा महिला एवं पुरुष शौचालयों की समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष एड रामकुमार चौधरी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर की मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि तहसील परिसर की सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। जगह-जगह बने गड्ढों के कारण हल्की बारिश में भी जलभराव हो जाता है। जिससे अधिवक्ताओं, वादकारियों तथा आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही के बावजूद सड़क का अब तक पुनर्निर्माण नहीं कराया गया है। बार एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से तहसील परिसर में महिला अधिवक्ताओं एवं अन्य महिलाओं के लिए पर्याप्त शौचालय व्यवस्था उपलब्ध कराने की भी मांग की। संगठन का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था अपर्याप्त होने के कारण महिलाओं को असुविधा उठानी पड़ रही है। उन्होंने नगर पालिका को निर्देशित कर महिला एवं पुरुष शौचालयों का शीघ्र निर्माण कराने तथा जनहित से जुड़े इन महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की मांग की।

इस अवसर पर अध्यक्ष एड रामकुमार चौधरी, सचिव सौरभ शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधा रानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन दीक्षित, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा, सहसचिव राखी त्यागी, सांस्कृतिक सचिव सुरेंद्र कुमार, ऑडिटर मधु बंसल, मीडिया प्रभारी संजीव चिकारा, सुनील चौधरी, अनुराग गुप्ता, कपिल त्यागी, उत्तम त्यागी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।



**उद्घाटन** | **इस अवसर पर सोसायटी के सभी आयु वर्ग के निवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई**

# GH-7 सोसायटी में वरिष्ठ नागरिकों हेतु निर्मित दो अत्याधुनिक गजेबो का भव्य उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित GH-7 सोसायटी में दिनांक 02 अगस्त 2026 को सोसायटी की एओए द्वारा सोसायटी नागरिको खासकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से निर्मित दो सुविधाओं से लैस गजेबो का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के सभी आयु वर्ग के निवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

सोसायटी के सेंट्रल पार्क के समीप वर्तमान एओए द्वारा दो अलग-अलग गजेबो का निर्माण कराया गया है, जिनमें एक पुरुष नागरिकों तथा एक महिला नागरिकों के लिए समर्पित है। दोनों गजेबो का निर्माण मजबूत फाउंडेशन, उच्च गुणवत्ता के आयरन स्ट्रक्चर एवं टिकाऊ टिन शेड के साथ किया गया है, ताकि निवासी धूप, वर्षा एवं अन्य मौसम संबंधी परिस्थितियों में भी आरामपूर्वक बैठ सकें तथा सोसायटी के पार्क के ग्रीन एवं खुले वातावरण का लुफ्त उठा सके। निवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गजेबो में सीलिंग फैन, सायंकाल के लिए पर्याप्त एलईडी प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग हेतु इलेक्ट्रिकल सॉकेट सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं पर भी ध्यान दिया गया हैं। इसके अतिरिक्त गजेबो के अंदर तथा बाहर आने-जाने वाले मार्ग पर उचित लेवल एवं ऊँचाई के साथ आकर्षक टाइल्स भी लगवाई गई हैं, जिससे आवागमन सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो सके।



इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष डॉ. रोहित चौधरी ने कहा कि लंबे समय से विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए पार्क में बैठने की समुचित व्यवस्था का अभाव महसूस किया जा रहा था। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वर्तमान एओए ने इन गजेबो का निर्माण कराया है, जिससे वरिष्ठ नागरिक प्रातः एवं सायंकाल पार्क में भ्रमण के उपरांत आरामदायक वातावरण में अपने मित्रों एवं परिचितों के साथ समय व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि एओए का उद्देश्य केवल आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि समाज में आपसी मेल-जोल एवं सामुदायिक सौहार्द को भी बढ़ावा देना है।

सोसायटी अडअ सदस्य सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान अडअ सोसायटी निवासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सभी महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्मित ये गजेबो भी निवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं, जिनका लाभ सोसायटी के सभी निवासी प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान पुरुष वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्मित गजेबो का उद्घाटन सोसायटी के वरिष्ठ पुरुष नागरिकों द्वारा तथा महिला वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्मित गजेबो का उद्घाटन सोसायटी की वरिष्ठ महिला नागरिकों द्वारा किया गया। यह अवसर सभी उपस्थित निवासियों के लिए गौरवपूर्ण रहा। उद्घाटन समारोह के उपरांत अडअ की ओर से सभी उपस्थित निवासियों के लिए चाय, नाश्ता एवं मिष्ठान की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिसका सभी ने आनंद लिया।

इस अवसर पर AOA के पदाधिकारी एवं सदस्य श्री अभय सिंह यादव, श्री कमल तनेजा, श्री मयंक अग्रवाल, श्रीमती प्रगति शारदा, श्री राम सिंह, श्री सुखविंदर संधू सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सोसायटी के निवासियों ने सहभागिता कर वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित इस पहल की सराहना की तथा वर्तमान एओए के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

अंत में GH-7 एओए की टीम ने विश्वास व्यक्त किया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित यह पहल न केवल उनकी सुविधा, सुरक्षा एवं सम्मान को बढ़ावा देगी, बल्कि सोसायटी में सामाजिक सहभागिता, आपसी सौहार्द एवं सामुदायिक भावना को भी और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। यह गजेबो आने वाले वर्षों तक ऋळ-7 परिवार के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक आरामदायक एवं सुखद मिलन स्थल के रूप में कार्य करेंगे।

# हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने हैकिंग के जरिए करोड़ों का लेन-देन करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (मौहम्मद फिरोज)।** पुलिस ने साइबर अपराध के एक बड़े मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया।



पुलिस के अनुसार आरोपी जसीम खान पुत्र मोहम्मद जान निवासी थाना हजरतनगर गढ़ी पर बैंक खाते के माध्यम से बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने का आरोप था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने आईडीबीआई बैंक के एक खाते के जरिए संदिग्ध लेन-देन को अंजाम दिया।खाते में 14 साइबर फ्रॉड से जुड़े मामलों में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किए गए,जिसमें करोड़ों रुपये का लेन-देन हुआ।बताया गया कि 18 जुलाई 2024 से शुरू हुए इन लेन-देन में करीब 1.61 करोड़ रुपये डेबिट और 1.41 करोड़ रुपये क्रेडिट किए गए।

# कारोबारियों के साथ किया गया जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल (लायबा नूर)।** आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशानुसार नगर के मोहल्ला ठेर स्थित बिहारी लाल प्रभात सर्राफ प्रतिष्ठान, में जनपद के सर्राफा व्यापारियों एवं बुलियन कारोबारियों के साथ जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों को वस्तु एवं सेवा कर (GST) व्यवस्था में हो रहे नवीन सुधारों से अवगत कराना, कर अनुपालन को अधिक सरल एवं सुगम बनाना तथा विभाग एवं व्यापारिक समुदाय के मध्य पारस्परिक संवाद एवं विश्वास को सुदृढ़ करना था।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित व्यापारियों को GST 2.0 के अंतर्गत किए जा रहे सुधारों, सरलीकृत कर अनुपालन व्यवस्था, जीएसटी पोर्टल की नवीन सुविधाओं, समयबद्ध रिटर्न दाखिल करने की अनिवार्यता, ई-इनवॉयस, ई-वे बिल तथा अन्य महत्वपूर्ण वैधानिक प्रावधानों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही व्यापारियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों एवं व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करते हुए विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही ऑनलाइन एवं तकनीकी सुविधाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई।


संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने राज्य कर विभाग की इस सकारात्मक एवं जनहितैषी पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विभाग एवं व्यापारिक समुदाय के मध्य विश्वास, पारदर्शिता तथा सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कर संबंधी समस्त वैधानिक प्रावधानों का पूर्ण निष्ठा के साथ अनुपालन करने तथा राजस्व संवर्धन में विभाग को निरंतर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम में सरार्फा कमेटी, सम्भल के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल, प्रमुख सरार्फा व्यापारी प्रभात सर्राफ, रूपेश सर्राफ, प्रवीण वर्मा, कुलदीप ऐरन, सुनील अग्रवाल, अनिल रस्तौगी सहित जनपद के अनेक प्रतिष्ठित सरार्फा व्यापारी एवं बुलियन कारोबारी उपस्थित रहे। इस मौके पर राज्य कर विभाग, सम्भल की ओर से उपायुक्त बीरेंद्र कुमार, उपायुक्त (प्रशासन) लल्लन प्रसाद यादव, राज्य कर अधिकारी इंद्रजीत सिंह तथा ऋषिपाल सिंह ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए व्यापारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा कर अनुपालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया।

अंत में विभाग द्वारा सभी उपस्थित व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे संवाद कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई, जिससे करदाताओं एवं विभाग के मध्य सहयोग, विश्वास तथा पारदर्शिता का वातावरण और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# संभल में गूंजे समरसता के स्वर:गुरु रविदास जयंती पर कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल (लायबा नूर)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चल रही समरसता संकल्प अभियान कलश रथ यात्रा का शनिवार को संभल आगमन हुआ, जहां विशाल मेगा मार्ट (एसडीएम कोर्ट,मुरादाबाद रोड के निकट) पर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने इसका भव्य स्वागत किया।ढोल-नगाड़ों,पुष्प वर्षा और जयकारों के बीच पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार गुलाब देवी और जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता ने विधिवत कलश पूजन कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि यह रथ यात्रा गुरु रविदास जी के विचारों–सामाजिक समरसता, समानता,बंधुत्व और मानवीय मूल्यों–को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।रथ यात्रा के साथ चल रहे वक्ताओं ने गुरु रविदास जी के प्रसिद्ध पद मन चंगा तो कठौती में गंगा और ऐसा चाहूं राज मैं जहाँ मिले सबन को अन्न का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन ऊंच-नीच,जात-पात और भेदभाव को समाप्त कर समतामूलक समाज की स्थापना के लिए समर्पित रहा।यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे और श्रद्धालुओं ने प्रसाद व जल सेवा की व्यवस्था की। पूरे मार्ग पर भक्तिमय माहौल बना रहा।कार्यक्रम के संयोजक अर्जुन वाल्मीकि रहे। इस अवसर पर राजेश सिंघल,मंजू दिलेर,सौरभ गुप्ता, चरन सिंह भारती,विशाल चौहान,हिमांशु कश्यप, सतीश जाटव,कैलाश गुप्ता, शोभित शास्त्री,विपिन गुप्ता और जयप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नशा छोड़ें, राष्ट्र निर्माण से जुड़ें: प्रधानमंत्री के संदेश से छात्राओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** रविवार को नगर के संभल गेट स्थित एन.के.बी.एम.जी डिग्री कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्र के नाम संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

संबोधन में प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित और जिम्मेदार जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है और नशे से मुक्त होकर ही देश प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने सभी छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा का दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे और अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करे।

कार्यक्रम का संयोजन नशा मुक्त अभियान प्रभारी डॉ. भावना बिष्ट ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

# तिरंगे के रूपकार पिंगली वेंकैया की जयंती पर राष्ट्रसेवा के योगदान को किया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) के रूपकार एवं स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

माधव मिश्र ने पिंगली वेंकैया के जीवन और तिरंगे के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें राष्ट्र का गौरव बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज अग्रवाल तथा संचालन डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संभल में गुड़ में मिलावट पर सख्त कार्रवाई, कई कोल्हुओं से नमूने लिए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**सम्भल (लल्ला सलमानी )।** आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुड़ में मिलावट के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने जनपद के ग्राम जनैटा स्थित विभिन्न गुड़ कोल्हुओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिलावट की आशंका के चलते सात अलग-अलग स्थानों से गुड़ और चीनी के नमूने संग्रहित किए गए। जिन कारोबारियों के यहां से नमूने लिए गए उनमें इमरान खान,इस्तकार,नन्नू, आनिल,ताहिर अली,शाने आलम और अतीक अहमद शामिल हैं। कुछ स्थानों पर गुड़ के साथ चीनी को अपमिश्रक के रूप में प्रयोग किए जाने की भी आशंका जताई गई, जिसके चलते संबंधित नमूने प्रयोगशाला जांच हेतु भेज दिए गए हैं।खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर कई अनियमितताएं भी पाई,जिस पर सभी खाद्य कारोबारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की मिलावट या मानकों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सहायक आयुक्त मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार,सुधीर कुमार,अशोक कुमार और रामजीत भी मौजूद रहे। विभाग की इस कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

# ट्रक ने ई-रिक्शा को मारी जोरदार टक्कर तीन की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल (दानिश अली)।** चंदौसी रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कोतवाली संभल क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर टांडा के पास करीब 03:40 बजे हुआ,जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और सवार लोग सड़क पर दूर जा गिरे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर खून से लथपथ शव बिखर गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया।चिकित्सकों ने जांच के बाद दो लोगों को मृत घोषित कर दिया,जबकि एक अन्य घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।हादसे में घायल युवक की पहचान रोहित पाल (24) पुत्र जगदीश निवासी गांव देहली,कोतवाली संभल के रूप में हुई है,जिसका अस्पताल में इलाज जारी है।घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजन अस्पताल पहुंच गए और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।वहीं,इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले तीनों मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पहचान के लिए उनके फोटो प्रसारित किए जा रहे हैं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया है,जिसकी तलाश की जा रही है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाली तीज पर झूमीं महिलाएं, मल्हारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा उत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चन्दौसी।** सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में श्री गीता सत्संग महिला मंडल की ओर से हरियाली तीज एवं श्रावण मास के उपलक्ष्य में उल्लासपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की।

ग्रुप संयोजिका इंदु अग्रवाल ने कहा कि हरियाली तीज केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति प्रेम, सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं का भी प्रतीक है।

अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया कि यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम एवं समर्पण का संदेश देता है। इसके बाद महिलाओं ने सावन की मल्हारें गाईं, झूला झूला, तंबोला, एक मिनट गेम, लकी ड्रा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ हुआ। इस अवसर पर महिला मंडल की बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# विशारतगंज के वार्ड नं0- 05 स्थित विद्यालयों में मिड-डे मील में अनियमितताओं की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** विशारतगंज के सभासद एवं जिला योजना समिति सदस्य श्री बबलू मौर्य* ने विशारतगंज नगर पंचायत के वार्ड नं0- 05 में स्थित तीनों सरकारी विद्यालयों में मिड-डे मील योजना में हो रही अनियमितताओं का मामला प्रशासन के समक्ष उठाया है।

पत्र में आरोप लगाया गया है कि विद्यालयों में 90 बच्चों के स्थान पर 240 बच्चों को दर्शाकर मिड-डे मील में हेर-फेरी की जा रही है। समय-सारणी के विपरीत फलाहार का वितरण किया जा रहा है तथा सूखी पत्तोली के बच्चों का आवंटन काटकर आर्थिक गबन किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता के अनुसार पूर्व में भी कई बार बच्चों की संख्या में हेर-फेरी पकड़ी गई थी। श्री मौर्य ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि नगर पंचायत विशारतगंज की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से विद्यालयों की निगरानी हेतु चार सदस्यीय कमेटी गठित करने का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है, किन्तु अभी तक उस पर अमल नहीं हुआ है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से मांग की है कि उक्त विद्यालयों की जांच हेतु तत्काल चार सदस्यीय कमेटी गठित की जाए, जिससे मिड-डे मील में हो रही अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके और बच्चों को शासन द्वारा अनुमन्य पोषाहार समय से एवं गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध हो सके।

इस सम्बन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी मझगवां ने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

# यूपी-112 की सतर्कता से परिजनों से मिला मासूम, भटकते बच्चे को सकुशल सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** यूपी-112 पुलिस की तत्परता से करीब तीन-चार वर्ष का एक भटका हुआ मासूम अपने परिजनों से सकुशल मिल गया। थाना चन्दौसी क्षेत्र में पीआरवी-9918 को सूचना मिली कि एक छोटा बच्चा रोते हुए अकेला घूम रहा है और अपने घर का पता नहीं बता पा रहा है।



सूचना मिलते ही पीआरवी टीम ने बच्चे को अपने संरक्षण में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। काफी प्रयास के बाद बच्चे की पहचान कर उसके परिजनों का पता लगाया गया। सत्यापन के उपरांत पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

मासूम को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने भावुक होकर यूपी-112 पुलिस का आभार जताया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आपात स्थिति में नागरिक तत्काल यूपी-112 पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# पत्रकार और VHP बजरंग दल खंड गौ रक्षक को झूठे आरोपों में फंसाने व जान से मारने की धमकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** पत्रकार बबलू सागर ने एसएसपी बरेली को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोग उन्हें और श्ल्ढ बजरंग दल खंड गौ रक्षक दुर्वेश पाल को झूठे मामलों में फंसाने, प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।

शिकायत में कहा गया है कि निष्पक्ष पत्रकारिता के कारण दबंग उनसे रंजिश रखते हैं। 29 जुलाई को सोशल मीडिया पर सुरक्षा मांगे जाने के बाद धमकी भरे फोन आए और पोस्ट हटवाने का दबाव बनाया गया। 31 जुलाई को उनके खिलाफ झूठी शिकायत भी दी गई। धमकी का ऑडियो उनके पास है।

पत्रकार ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# फ्रेंडशिप डे पर भाई-बहनों के रिश्ते में घुली दोस्ती की मिठास

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** फ्रेंडशिप डे पर रविवार को कई परिवारों में भाई-बहनों ने दोस्ती के इस खास दिन को अनोखे अंदाज में मनाया। छोटी बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर फ्रेंडशिप बैंड बांधकर जीवनभर दोस्ती, विश्वास और साथ निभाने का संकल्प लिया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ खड़े रहने का वादा किया।

इस अवसर पर बच्चों ने कहा कि भाई-बहन का रिश्ता केवल खून का ही नहीं, बल्कि सच्ची दोस्ती का भी होता है। परिवार के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन रिश्तों में अपनापन और प्रेम को और मजबूत बनाते हैं। पूरे दिन घरों में उत्साह का माहौल रहा और बच्चों ने एक-दूसरे के साथ यादगार पल साझा किए।

## छठा उर्स सम्पन्न — कोट गर्वी की अनवर शाह मस्जिद में

# मुल्क में अमन-चैन और तालीम के लिए उठे दुआ के हाथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल (लायबा नूर) ।** कोट गर्वी स्थित अनवर शाह मस्जिद में हजरत पीर-ए-तरीकत पीर वहीदुल्ला साहब कि बला का छठा उर्स अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। उर्स में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर बुजुर्ग के आस्ताने पर हाज़िरी दी और मुल्क की खुशहाली व अमन-ओ-अमान के लिए दुआ की।

कार्यक्रम की शुरूआत फज्र की नमाज के बाद कुरान ख़्वानी से हुई। इसके बाद नात-ओ-मनकबत ख़्वानी और तकरीरों का सिलसिला चला। उर्स में मेरठ के सकौती से आए उलेमा और अकीदतमंदों ने भी भाग लिया। वक्ताओं ने हजरत पीर वकील साहब की दीन की खिदमत और समाज को जोड़ने में उनके योगदान को याद किया। मुफ्ती आलम रजा नूरी ने बताया कि हजरत पीर वकील साहब ने करीब 40 वर्षों तक सम्भल के लोगों को अपने बुजुर्गों के फैजान से मालामाल किया। उन्होंने कहा कि उर्स के मौके पर लोगों को अपने ईमान और शरीयत पर मजबूती से चलने, हजरत इमाम हुसैन के मिशन को आम करने, माता-पिता की खिदमत करने और बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम दिलाने का पैगाम दिया गया।

उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की शिक्षा, आपसी भाईचारे और इत्तेहाद से ही संभव है। कार्यक्रम के समापन पर सभी लोगों ने देश की सलामती, अमन-शांति, खुशहाली और कौम में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए सामूहिक दुआ की। उलेमा ने लोगों से आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील भी की।

# मिर्जा अतहर बेग इदरीसी अंजुमन इदरीसिया के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत


बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** ऑल इंडिया अंजुमन इदरीसिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद नफीस इदरीसी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकरार इदरीसी,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हाजी मोहम्मद इसरार इदरीसी ,राष्ट्रीय प्रवक्ता हाजी अख़्तर हुसैन इदरीसी,राष्ट्रीय टीम नजीबाबाद में डॉ रफत इदरीसी द्वारा अंजुमन इदरीसिया( रजि. )जानिब से शहीद वीर अब्दुल हमीद को समर्पित फौजी चेरिटेबल डिस्पेंसरी की अपने मुबारक हाथों से ओपनिंग कर अमरोहा यूनिट से मिलने पहुंचे।राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद नफीस इदरीसी ने अमरोहा यूनिट के ज़िला अध्यक्ष मिर्जा अतहर बेग इदरीसी कोप्रदेश इकाई का उपाध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा की और फूल मालाओं व शॉल पहना कर नियुक्ति पत्र दे कर अंजुमन की नई ज़िम्मेदारी सौंपी।इस मौके पर अंजुमन इदरीसिया अमरोहा यूनिट के सभी साथियों ने मिर्जा अतहर बेग इदरीसी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर फूल माला पहना कर मुबारकबाद दी।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष से आने वाले शहीद वीर अब्दुल हमीद शौर्य दिवस के विषय में चर्चा भी हुई। इस मौके पर अंजुमन इदरीसिया अमरोहा यूनिट मोहम्मद इमरान इदरीसी,मोहम्मद सलीम इदरीसी,मारूफ अहमद इदरीसी,मोहम्मद अजीम इदरीसी,सलीम उद्दीन इदरीस,मोहम्मद,आरिफ इदरीसी,सज्जाद अहमद इदरीसी,मोहम्मद आसिफ इदरीसी,मतीन बेग इदरीसी,एड उमैर इदरीसी,फुरकान बेग इदरीसी,नायाब अहमद इदरीसी,मोहम्मद इस्लाम इदरीसीआदि मौजूद रहे।

# कावड़ यात्रा : बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कावड़ मार्ग में पढ़ने वाले" विद्यालयों के शौचालियों को 24 घंटे खोलने" के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को कावड़ मार्ग पर पड़ने वाले स्कूलों में शौचालय व्यवस्था ठीक रखने उन्हें 24 घंटे खोले जाने के निर्देश दिए है। कांवड यात्रा के दृष्टिगत रोड किनारे प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त होने के बाद पडने वाले विद्यालयों के शौचालय को क्रियाशील रखने के लिए स्कूल 24 घंटे खुलेंगे जिसमें कांठ से अगवानपुर बाईपास वाली ग्राम पंचायत सिकंदराबाद,गढी,अकबरपुर चैदरी, कासमपुर,मौढी हजरतपुर, मुजफ्फरपुर टांडा, शेरपुर, रसूलपुर चौरा, संदलीपुर, मानपुर, मुजफ्फरपुर, सराय खजूर स्कूल खुले रहेंगे। जबकि कांठ से में हाईवे वाले ग्राम पंचायत अहमदपुर नींगू नगला, रसूलपुर,मधपुरी इनायतपुरी, फूलपुर मिठनपुर, भीकनपुर, छजलेट पचोकरा खानपुर, कुरी रवाना, शाहपुर मुबारकपुर,लदावली और शेरवा धर्मपुर के स्कूलों को भी खोले जाने के लिए निर्देशित किया है। जबकि रसूलपुर गुर्जर नहर वाले रास्ते पर पड़ने वाले ग्राम खलीलपुर महेंद्री सिकंदरपुर और सदरपुर में भी स्थापित विद्यालयों को खोले जाने के लिए निर्देशित किया और कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# चार दिन बाद मिला चारू का शव, रेस्क्यू टीमों के अथक प्रयास को डीएम-एसएसपी ने किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बुलन्दशहर।** जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र में 28 जुलाई 2026 को हुई भारी बारिश के दौरान नाले में बह गई बच्ची चारू का शव चार दिन बाद बरामद कर लिया गया। घटना के बाद से ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी फ्लड टीम, स्थानीय गोताखोरों, पुलिस और फायर सर्विस की संयुक्त टीम लगातार बच्ची की तलाश में जुटी हुई थी।

लगातार चार दिनों तक चले रेस्क्यू अभियान के दौरान आधुनिक तकनीक और ड्रोन की सहायता से काली नदी में जलकुंभी के पास बच्ची का शव दिखाई दिया। इसके बाद एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्ची की तलाश में दिन-रात जुटी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी फ्लड टीम, स्थानीय गोताखोरों, पुलिस और फायर सर्विस के अथक प्रयासों की जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सराहना की। रेस्क्यू अभियान में शामिल सभी टीमों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास से ही बनेगा सशक्त समाज : बलवंत चावरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नई दिल्ली (राजू बोहरा )।** टेक्निकल प्रोफेशनल एजुकेशन इन इंडिया फाउंडेशन के निदेशक एवं वरिष्ठ समाजसेवी बलवंत चावरे का मानना है कि एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की नींव स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास पर आधारित है। उनका कहना है कि इन तीनों क्षेत्रों में निरंतर और प्रभावी कार्य करके समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाया जा सकता है।

पिछले लगभग 37 वर्षों से बलवंत चावरे समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में संस्था ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों, युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय प्रयास किया है। संस्था केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करती है।

वर्ष 1985 में स्थापित टेक्निकल प्रोफेशनल एजुकेशन इन इंडिया फाउंडेशन को 14 अप्रैल 1991 को संस्थापक स्वर्गीय डॉ. प्रभाकर राव चावरे ने पूर्ण रूप से समाज सेवा के लिए समर्पित किया। संस्था आज शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, कौशल विकास और सामाजिक उत्थान के अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की सेवा कर रही है तथा हाल ही में अपना 36वाँ स्थापना दिवस भी मनाया।

बलवंत चावरे अपनी प्रेरणा अपने पिता एवं प्रख्यात वैज्ञानिक स्वर्गीय डॉ. प्रभाकर राव चावरे को मानते हैं। वे पर्यावरण संरक्षण के प्रबल समर्थक थे और उनकी पुस्तक "साइंस फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग" को वैज्ञानिक जगत में भी सराहना मिली। समाज सेवा के साथ बलवंत चावरे साहित्य से भी जुड़े हैं और एक पुस्तक पर कार्य कर रहे हैं।

बलवंत चावरे कहते हैं, "स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास पर जितना अधिक निवेश और प्रयास होगा, देश का भविष्य उतना ही मजबूत और आत्मनिर्भर बनेगा।" उनका समर्पण और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

यह लेख लगभग 350-400 शब्दों का है, जो किसी राष्ट्रीय हिंदी दैनिक के फीचर या व्यक्तित्व परिचय कॉलम के लिए उपयुक्त रहेगा।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिजली बिल में गड़बड़ी सहित अन्य शिकायतों के समाधान को लगेंगे "31 अगस्त तक विद्युत विशेष उपभोक्ता समाधान " कैंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बिजली के बिल में गड़बड़ी की शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने प्रदेशभर में विशेष विद्युत उपभोक्ता समाधान कैंप लगाने का निर्णय किया है। 31 अगस्त तक सभी विद्युत वितरण निगमों के खंड, उपखंड और संबंधित सहायक व अधिशासी अभियंता कार्यालयों में लगाए जाने वाले कैंप में ही बिजली उपभोक्ताओं की बिल सहित मीटर, टैरिफ, मोबाइल फोन नंबर अपडेट तथा स्मार्ट एप से जुड़ी शिकायतों आदि का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कैंपों में प्रत्येक शिकायत का पंजीकरण 1912 हेल्प डेस्क पर सुनिश्चित किया जाएगा, जिसके नोडल अधिकारी अधीक्षण अभियंता (वितरण/वाणिज्य) बनाए गए हैं। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष व अपर मुख्य सचिव ऊर्जा डा. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध व उचित समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाएगा। बिल संशोधन के मामलों में बिल रिवीजन इंफार्मेशन मेमो के माध्यम से कार्यवाही की जाएगी ताकि बिल संशोधन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे। कैंप में उपभोक्ताओं को यूपीपीसीएल स्मार्ट एप




डाउनलोड करने तथा उसके उपयोग की जानकारी भी दी जाएगी। मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आइडी भी अपडेट किया जाएगा।कैंपों में प्राप्त शिकायतों और निस्तारण में किसी तरह की हीलाहवाली न हो इसके लिए प्रतिदिन समीक्षा भी की जाएगी। शिकायत के निस्तारण के बाद उपभोक्ता से 1912 के माध्यम से फीडबैक भी लिया जाएगा।

# सिकन्द्राबाद में हुआ भीषण सड़क हादसा, युवक की दर्दनाक मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकन्द्राबाद।** थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में सब्जी लेकर लौट रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए।





स्थानीय निवासियों के अनुसार युवक जोखाबाद मंडी से सब्जी लेकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि घटना के काफी देर बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। लोगों का कहना है कि काफी प्रयास करने के बावजूद उन्हें थाना सिकन्द्राबाद का संपर्क नंबर भी नहीं मिल सका, जिससे पुलिस को सूचना देने में देरी हुई। हादसे के बाद सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने और मामले की जांच के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर कार पलटने से बदायूं में तैनात दरोगा घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल (सय्यद अतहर अली)।** गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक पल की झपकी भारी पड़ गई। हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा के पास तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार बदायूं पुलिस में तैनात एसआई मोहित नैन घायल हो गए। सूचना मिलते ही यूपीआईडी की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

एसआई मोहित नैन बागपत जिले के थाना केकड़ा क्षेत्र के गांव बसी के निवासी हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती बदायूं जिले के थाना कादरचौक में है। रविवार सुबह वह नोएडा से ड्यूटी पर लौट रहे थे। रास्ते में रसूलपुर धतरा के पास अचानक नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और सूचना मिलने पर यूपीआईडी की एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। घायल दरोगा को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। एसआई मोहित नैन ने बताया कि अचानक आई झपकी के कारण यह हादसा हुआ। समय पर उपचार मिलने से उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# कांठ में दुकानदार से "ठग ने की 25 हजार "की ठगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत कांठ में एक दुकानदार से 25 हजार रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है' जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार स्थित एक दुकानदार के पास बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर आया एक ठग 25000 के नए नोट हार के लिए ले गया' जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो ठग ने फर्जी एप के माध्यम से ऑनलाइन दुकानदार के बेटे के खाते में डालें ' जो खाते में नहीं पहुंचे ठग रुपए लेकर रफू चक्कर हो गया' खबर लिखे जाने तक अभी कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

# चौकीदार को बंधक बनाकर चार लाख की लूट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (मोनू कुमार )।** बेखौफ बदमाशों ने एक निमार्णाधीन दवा फैक्ट्री में घुसकर चौकीदार को बंधक बनाते हुए करीब चार लाख रुपये की लूट को अंजाम दे दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि यह वारदात मढ़न पुलिस चौकी से महज दो किलोमीटर की दूरी पर हुई,जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। घटना थाना असमोली क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर की है। यहां मुरादाबाद निवासी राघव कुमार की जमीन पर दवा फैक्ट्री का निर्माण कार्य चल रहा है। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे पांच बदमाश फैक्ट्री परिसर में घुस आए।



उस समय चौकीदार दिलशाद पुत्र अकबर निवासी मीरपुर साकीपुर ड्यूटी पर तैनात था।बदमाशों ने पहले चौकीदार को दबोच लिया और विरोध करने पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद उसके कपड़े उतारकर उसे खाट से बांध दिया और करीब चार घंटे तक आराम से फैक्ट्री में लूटपाट करते रहे। बदमाशों की पिटाई से चौकीदार के दोनों हाथों समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे जब ग्रामीण फैक्ट्री पहुंचे तो चौकीदार को बंधा देख हड़कंप मच गया। सूचना के बावजूद पुलिस करीब 11 बजे मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी भी देखी गई।लुटेरे डेढ़ लाख रुपये कीमत का सोलर पैनल बैटरी,जनरेटर के दो अल्टरनेटर,इनवर्टर और सरिया काटने की मशीन का कॉपर समेत कुल करीब चार लाख रुपये का सामान लूट ले गए। सुपरवाइजर दीपक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बदमाशों की संख्या पांच थी और उन्होंने चौकीदार को गंभीर रूप से घायल कर दिया।थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जल्द ही घटना का खुलासा किया

# मोबाइल टावर से डिबाइस चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी ।** पुलिस ने मोबाइल टावर से चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके



कब्जें से चोरी की गयी 4 डिबाइस जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है, व घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रमोद पुत्र गुलवीर सिंह, संजीव पुत्र बदन सिंह निवासीगण ग्राम कुराना थाना टप्पल जनपद अलीगढ़, पीयूष उर्फ पीलू पुत्र उदयवीर सिंह निवासी ग्राम सुखलालपुर थाना सिकन्द्राबाद व समसुद्दीन पुत्र अलीमुद्दीन निवासी ग्राम चचरई थाना जहाँगीराबाद शामिल हैं। आरोपी प्रमोद पर विभिन्न थानों पर 5 मुकदमे, संजीव पर 4 व पीयूष उर्फ पीलू व समसुद्दीन पर 3 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं, जिनके द्वारा संगठित गिरोह बनाकर कई जनपदों के विभिन्न थाना क्षेत्रों से मोबाइल टावरों से डिवाइस, केबिल व अन्य पुर्जों की चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपियों ने गुलावठी के ग्राम खुशहालपुर, खुर्जा, बुलन्दशहर में मोबाइल टावर से चोरी की घटना को भी अंजाम दिया है।

# एजेंसी पर खराब ट्रैक्टर बेचने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** किसान ने शिकारपुर स्थित स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी संचालक पर पुराना ट्रैक्टर बेचने का आरोप लगाया है। किसान का आरोप है कि उन्होंने

- ट्रैक्टर करीब ढाई माह से अधिक समय से खराब, नहीं हो सका समस्या का समाधान
- एजेंसी कर्मचारियों पर धमकाने का आरोप, कोर्ट के माध्यम से भेजा लीगल नोटिस

करीब साढ़े चार माह पहले स्वराज 744 नया ट्रैक्टर खरीदा था, लेकिन खरीदने के कुछ ही समय बाद ट्रैक्टर में लगातार खराबी आने लगी। ट्रैक्टर करीब ढाई माह से अधिक समय से खराब है। इसके बावजूद उसकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। किसान ने एजेंसी कर्मचारियों पर धमकाने का भी आरोप लगाया है। मामले में किसान ने कोर्ट के माध्यम से एजेंसी संचालक को लीगल नोटिस भेजते हुए कार्रवाई की मांग की है।



छतारी क्षेत्र के गांव चौगानपुर के मजरा मोहनपुरा निवासी किसान चन्द्रभान सिंह उर्फ सेटी ने बताया कि उन्होंने 21 मार्च 2026 को अपने बेटा धर्मेंद्र लोधी ने नाम पर शिकारपुर स्थित स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी से स्वराज 744 नया ट्रैक्टर खरीदा था। किसान का आरोप है कि एजेंसी संचालक द्वारा उन्हें पुराना एवं खराब ट्रैक्टर दिया गया। ट्रैक्टर खरीदने के करीब 20 घंटे बाद से ही उसमें लगातार खराबी आने लगी। इसकी सूचना समय-समय पर एजेंसी संचालक एवं कंपनी के कर्मचारियों को दी जाती रही, लेकिन समस्या का समाधान करने के बजाय लगातार टरकाया जाता रहा। किसान ने बताया कि ट्रैक्टर करीब ढाई माह से अधिक समय से खराब है और एजेंसी पर खड़ा है। इसके बावजूद एजेंसी संचालक द्वारा उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। ट्रैक्टर बंद होने से खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है और ट्रैक्टर की किस्त जमा करने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे किसान को लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पीड़ित किसान ने बताया कि कई बार एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट से एजेंसी संचालक को लीगल नोटिस भिजवाया है। किसान का कहना है कि एजेंसी संचालक लगातार केवल आश्वासन दे रहे हैं, जबकि ट्रैक्टर आज तक सही नहीं कराया गया। ऐसे में किसान को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई कौन करेगा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

# "टूटकर भी हौसला न छोड़ाः दुबई से कुन्दरकी तक लियाकत सलमानी की कहानी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** जिंदगी इम्तिहान लेती है तो ऐसे लेती है कि इंसान या तो हार मान जाए या फिर मिसाल बन जाए। कुन्दरकी नगर के मोहल्ला सादात, कर्बला रोड के रहने वाले समाजसेवी लियाकत सलमानी ने दूसरा रास्ता चुना। 2007 में एक विवाद के चलते जेल की हवा खानी पड़ी। कारोबार किया, देश के कई प्रदेशों में टी-शर्ट, दरी, चादर का काम फैलाया। गाड़ियां भी खरीदीं। फिर सब कुछ चला गया। सऊदी अरब में भी किस्मत ने साथ नहीं दिया।

लेकिन लियाकत सलमानी ने हार नहीं मानी। आज वो दुबई में मेहनत-मजदूरी कर रहे हैं और साथ में हजारों लोगों के लिए उम्मीद भी बन गए हैं।

2015 से उन्होंने खिदमत-ए-खल्क को अपना मिशन बना लिया। उनका बनाया 'अख्तरी सलमानी शादी ग्रुप' आज पूरे देश में मशहूर है। इस ग्रुप के जरिए अब तक हजारों गरीब बेटियों की शादियां हो चुकी हैं। बेसहारा, बीमार और तालीम के लिए भी वो तन-मन-धन से मदद करते हैं। दुबई से फोन पर बातचीत में उन्होंने कहा - "परदेस की जिंदगी मुश्किल है, मगर नियत साफ हो तो अल्लाह जरूर रास्ता देता है।" आज लियाकत सलमानी की कहानी कुन्दरकी के हर नौजवान के लिए मशअल-ए-राह है।

## भाजपा में शामिल

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने लखनऊ में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई

# चेयरमैन पुष्पा देवी, पति व समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ,हापुड़।** हापुड़ नगर पालिका परिषद चेयरमैन पुष्पा देवी ने पति व समर्थकों के साथ

- नपा चुनाव में पुष्पा देवी ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर बसपा का झंडा बुलन्द किया था
- पुष्पा व उनके पति ने कांग्रेस में भी शामिल होने का प्रयास किया था
- चेयरमैन पति पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे

लखनऊ भाजपा में शामिल हो गयी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। जिससे पिछले एक सप्ताह से चल रही राजनैतिक चर्चाओं व अटकलों पर भी विराम लग गयी।

आपको बता दें,कि पिछले एक सप्ताह से हापुड़ नगर पालिका परिषद चेयरमैन पुष्पा देवी व उनके पति श्रीपाल के भाजपा में शामिल की राजनैतिक चर्चाओं का बाजार गर्म था। रविवार को लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी का पटका पहनाकर चेयरमैन पुष्पा देवी,पति श्रीपाल व समर्थकों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।





**पुष्पा ने भाजपा प्रत्याशी का हराया था**

नगर पालिका परिषद के चुनाव में बसपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने भाजपा प्रत्याशी डा.सोमती केन को हराकर भाजपा का झंडा बुलन्द किया था। उनके पति श्रीपाल भी पूर्व में बसपा से विधान सभा का चुनाव लड़ चुके है।

**पुष्पा व श्रीपाल को पार्टी से निष्कासित किया था**

राजनैतिक मतभेद व पार्टी की अंदर चल रही खींचतान व पार्टी विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए उन्हें बसपा हाईकमान ने पार्टी से निष्कासित किया था। तभी से वह दूसरे राजनैतिक दल में शामिल होने का प्रयास कर रहे थे।

**कांग्रेस में नहीं गली दाल**

सूत्रों की मानें तो बसपा से निष्कासित होने के बाद चेयरमैन पुष्पा देवी व उनके पति ने कांग्रेस में एंट्री करने के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष व उच्चाधिकारियों से संपर्क भी साधा लेकिन उनकी दाल नहीं गलने के कारण कांग्रेस में एंट्री नहीं मिली।

**पालिकाध्यक्ष पति से लगे थे भ्रष्टाचार के आरोप**

आपको बता दें,कि चेयरमैन पुष्पा देवी के पति श्रीपाल पर पूर्व पालिका अध्यक्ष,वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश मित्तल ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे। अब वह शीघ्र ही नया धमाका करने जा रहे है। जिसकी वह तैयारी कर रहे है।

# हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में अलंकरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में अलंकरण समारोह दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया' कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू विश्नोई ,उप प्रधानाचार्य

## ईमानदारी ,कर्तव्य निष्ठा और विद्यालय में भाईचारे के साथ निर्वहन करने का आह्वान : दीपेश सिंह

शलभ माथुर एवं विद्यालय शारीरिक शिक्षक सचिन विश्नोई एवं विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक रचना खन्ना ,योगेश सिंह बिष्ट सी सी ए इंचार्ज नीतू चौधरी एवं सनी कटारिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया'






कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षक अक्षिता बिश्नोई एवं सचिन चौधरी द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई एवं उप प्रधानाचार्य शलभ माथुर द्वारा विभिन्न पदों पर चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इन छात्र पदों के अंतर्गत कक्षा 12 कला वर्ग की छात्रा आयशा हुमेंरा, को हेड गर्ल एवं कक्षा 11 के छात्र सीजान को हेड बॉय के पद से सम्मानित किया गया

इसके साथ ही कक्षा 11 के छात्र मुराद को वाइस हेड बॉय एवं कक्षा 11 की छात्रा कला वर्ग से जिकरा को वॉइस हेड गर्ल एवं परफेक्ट डिसिप्लिन के अंतर्गत कक्षा 11 के छात्र अदीब अहमद एवं ग्रीन वॉरियर परफेक्ट के पद पर कक्षा 11 कला वर्ग की छात्रा सोफिया के साथ स्पोर्ट परफेक्ट के पद पर कक्षा 11 के छात्र अशर एवं कल्चरल परफेक्ट पद पर हरम फातिमा वॉइस कल्चरल परफेक्ट के पद पर कक्षा 10 की छात्रा सुमाइला को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के रेड, ग्रीन, ब्लू, येलो हाउस के सभी छात्रों को उनके पद विभाजित कर उनको भी सम्मानित किया गया।इस अलंकरण समारोह में छात्र-छात्राओं को उनके पद ग्रहण करने के अवसर पर बधाई देते हुए उनके पद कर्तव्यों से भी अवगत कराया और उन्हें अपने कर्तव्य को ईमानदारी ,कर्तव्य निष्ठा और विद्यालय में भाईचारे के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया गया 'इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# "बिलारी में आयुर्वेदिक अस्पताल व गांधी पार्क को लेकर नागरिक परिषद की बैठक"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** नागरिक परिषद बिलारी की बैठक रविवार को पूर्व चेयरमैन साहू सुनील सहाय के आवास पर हुई। बैठक में आयुर्वेदिक अस्पताल निर्माण और गांधी पार्क के मुद्दे प्रमुख रहे।

**बैठक के मुख्य निर्णय:** आयुर्वेदिक अस्पताल बाबा लक्ष्मण दास की मणि पर अस्पताल निर्माण में सहयोग के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया गया। नगर पालिका के प्रस्तावित 1 कमरा बाउंड्री के साथ विधायक हाजी फहीम इरफान द्वारा प्रस्तावित कमरे को बड़ा कर बरामदा बनाने की मांग की गई। पत्र विधायक को भेजा जाएगा। गांधी पार्क में लगे खोखे को गांधी मूर्ति से हटाने पर सहमति। नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने 15 दिन में समाधान व सौंदर्यीकरण का भरोसा दिया। कार्यक ्2 अक्टूबर को गांधी पार्क पर विशाल जनसभा। 1 से 7 सितंबर तक पोषण सप्ताह में बाबा लक्ष्मण दास की मणि पर रोजाना स्वास्थ्य शिविर। कोषाध्यक्ष फैसल रजा ने आय-व्यय प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन डॉ. जितेन्द्र दक्ष ने किया। इस मौके पर डॉ. राकेश रफीक, राकेश यादव, तिलक राज चांदना, अशोक माथुर, प्रधान माजिद हुसैन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से" बाइक सवार की मौत"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तेज रफ्तार कार ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी, जिससे बाइक चला रहे संजीव कुमार (30) की मौत हो गई और बाइक पर बैठा उसका दोस्त,चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।गांव मधपुरी इनायतपुरी का संजीव कुमार बिजनौर के थाना शिवाला कलां अंतर्गत गांव अलाउद्दीनपुर निवासी अपने दोस्त आकाश और चचेरे भाई राजू के साथ उसके गांव शेरपुर ऐतमादपुर बाइक से जा रहा था। जब यह गांव से दो किलोमीटर दूर कांठ की ओर मुरादाबाद-हरिद्वार स्टेट हाईवे पर गांव अहमदपुर निगू नंगला के मोड़ पर पहुंचे तो सामने से अत्यंत तेज गतिसे आ रही कार ने दूसरी साइड में आकर इनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठे तीनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार सहित मौके से भाग गया। लेकिन किसी राहगीर ने कार का नंबर ले लिया।सूचना पर पहुंची कांठ पुलिस तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कांठ लाई। जहां चिकित्सकों ने संजीव कुमार को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद घायल आकाश




और राजू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में जान गवाने वाला संजीव कुमार मेहनत मजदूरी करता था। उसकी मौत से पिता खेमचंद, मां शीला, पत्नी सोनम, बेटे मयंक, बेटी मानसी, हनी, बहन केलो, कविता, उमा, भाई राजकुमार, संजय और मंगल सिंह रो-रो कर बेहाल थे। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने बताया कि कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार को भी तलाश कर कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है। इधर गंभीर घायल आकाश और राजू की हालत भी नाजुक बताई जा रही है।

# सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में "हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता" : मंतव्य बिश्नोई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सेंट पॉल्स







इंटरनेशनल स्कूल, कांठ में हिंदी वाद - विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया ।

जिसमें मोबाइल का स्कूल में उपयोग - आवश्यक है या नहीं , एड्ड आई ड्ड - वरदान या अभिशाप, जीवन में मार्क्स ज्यादा मैटर करते है या स्किल, सोशल मीडिया वरदान है या अभिशाप आदि, पर विद्यार्थियों में सार्थक वाद - विवाद कराया गया। जिसमें मंतव्य, गार्गी , कृतिन, मधुर, भूमि , अंश, पावनी, जीविका आदि विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मंतव्य विश्नोई ने प्रथम स्थान, पावनी ने द्वितीय स्थान तथा जीविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समसामयिक और वैचारिक विषयों पर अपने तर्क-वितर्क प्रस्तुत कर अपनी अभिव्यक्ति क्षमता और बुद्धिमत्ता का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता रानी, प्रबन्धक जितेंद्र विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया एवं उनकी भूरि- भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सैफनी मंदिरों में सफाई व्यवस्था की अध्यक्ष फैजान खान व सभासद ने संभाली कमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**रामपुर।** सावन माह में कांवड यात्रा के दौरान शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो बस इसी उद्देश्य से जिले की नगर पंचायत सैफनी के अध्यक्ष फैजान खान व सभासद अरविंद जोशी की अगुवाई में धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता और व्यवस्था सुधार का विशेष अभियान चलाया गया !

नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान का कहना है कि कांवड यात्रा दौरान किसी शिवभक्त और श्रद्धालुओं को को कोई असुविधा न होने देना ही हमारी प्राथमिकता है ! उन्होंने बताया कि नगर पंचायत प्रशासन कांवड यात्रा को सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है !

सूत्रों के मुताबिक इस अभियान के तहत प्रसिद्ध माता बेला भवानी मंदिर और आसपास के मंदिरों की व्यापक सफाई किए जाने के साथ - साथ मंदिर परिसरों में प्रकाश, पेयजल और आवागमन से संबंधित सभी खामियों तत्काल प्रभाव से ठीक किया गया है ! स्थानीय लोगों ने पंचायत अध्यक्ष फैजान खान और सभासद अरविंद जोशी के उक्त कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मंदिरों में नगर पंचायत द्वारा कराई गई सफाई एवं की गयीं अन्य व्यवस्थाओं से मंदिर परिसरों में सकारात्मक माहौल बना है !

# बंगाल की महिला के "यौन शोषण के आरोप में अमीरुद्दीन मलिक" गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बंगाल की महिला ने ग्राम सलेमपुर निवासी युवक और उसकी पत्नी के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने, जान से मारने की धमकी देने व ढाई लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित युवती ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि, ग्राम सलेमपुर निवासी अमीरुद्दीन मलिक कोयले के कारोबार के सिलसिले में बंगाल आता-जाता था। इसी दौरान उनका परिचय हुआ, आरोप है कि आरोपित ने शादी का वादा कर उससे शारीरिक संबंध बनाए। शादी से इनकार करने पर युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराकर उसे जेल भिजवा दिया था। जेल में बंद होने के दौरान आरोपित की पत्नी सोफिया ने उसे भरोसा दिलाया कि, वह हाईकोर्ट में शपथ पत्र देकर उसकी जमानत करा दे, तो वह उसका निकाह अमीरुद्दीन से करा देगी। जमानत मिलने पर दोनों का निकाह करा दिया गया। पीड़िता का कहना है कि, निकाह के बाद दोनों कुछ समय तक स्योहारा में किराये के मकान में पति-पत्नी की तरह रहे। आरोप है कि कुछ दिनों बाद दोनों ने उसके साथ मारपीट कर उत्पीड़न शुरू कर दिया।महिला ने बताया कि, शिकायत करने पर उन्हें किराए का मकान खाली करना पड़ा। इसके बाद दोनों एक होटल में रुके, आरोप है कि आरोपित ने तकिये से मुंह, नाक और गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया।

आरोपित ने ढाई लाख रुपये लौटाने का आश्वासन दिया और हिंदी में लिखे एक कागज पर उसके हस्ताक्षर करा लिए। पीड़िता का कहना है कि वह हिंदी पढ़ना नहीं जानती थी। महिला का आरोप है कि, उसके ढाई लाख रुपये से सामान खरीदकर आरोपितों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मुरादाबाद में "भीषण आग से मोमबत्ती फैक्ट्री" राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद की घनी आबादी वाले बुधबाजार की कृष्णा कालोनी में मोमबत्ती फैक्ट्री में धधकी आग ने धमाकों के साथ विकराल रूप ले लिया।फैक्ट्री में डीजल और एथेनाल जैसे अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ के चलते देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री आग का गोला बन गई। फैक्ट्री स्वामी अभिषेक अग्रवाल के अलावा पड़ोस के सागर सक्सेना, कारोबारी सचिन मित्तल, रेलवे से सेवानिवृत्त शंभू शरण गुप्ता के घर भी जद में आ गए। आग की लपटें देख लोग घरों से बाहर निकलने लगे। दीवारों में दरारें तक आ गईं हैं। आबादी के बीच भीषण अग्निकांड की जानकारी पर अग्निशमन विभाग की टीम के साथ डीएम डा. राजेन्द्र पैसिया, एसएसपी सतपाल अंतिल पहुंचे। मगर, संकरी गलियों के चलते फैक्ट्री तक अग्निशमन की गाड़ियां नहीं पहुंच पाईं। सात सौ मीटर दूर ही गाड़ियां खड़ी कर हौज पाइप फैक्ट्री





तक बिछाए गए और राहत कार्य शुरू हुआ। 15 गाड़ियों ने 10 घंटे में आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। डीएम ने बताया कि प्रथम द्दष्टया शार्ट सर्किट से आग की बात सामने आई है। हालांकि, कारणों की जांच कराई जा रही है। । घर के बराबर में करीब 400 गज में भी मोमबत्ती फैक्ट्री है। मुख्य द्वार कृष्णा कालोनी और पिछला छोर प्रकाश कुंज सागर सराय की ओर है। फैक्ट्री के चारों तरफ करीब 150 मकान है। जिसमें करीब नौ सौ लोग रहते हैं। दोनों कालोनियों के मकान आलीशान हैं। कालोनी के ही शिव मंदिर के पुजारी पंडित बसंत बल्लव चिलकोटी ने फैक्ट्री मालिक को सूचना दी। डीएम, एसएसपी छह थानों की फोर्स संग पहुंचे। दमकल की चार गाड़ियां भी पहुंच गईं, मगर गाड़ियों को फैक्ट्री तक पहुंचने का रास्ता नहीं मिला गाड़ियों को बुधबाजार की मुख्य सड़क और पारकर इंटर कालेज में खड़ा कराकर करीब 700 मीटर पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया गया। मगर, आग उस समय तक विकराल रूप ले चुकी थी। 10 घंटे में आग पर जब तक पूरी तरह से काबू पाया गया, तब तक फैक्ट्री पूरी तरह से स्वाहा हो गई।

# "चेहलूम जुलूस के पेशे नजर कुन्दरकी में सड़कों की सफाई तेज, चेयरमैन जीनत मेहदी ने किया निरीक्षण"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर में आगामी चार अगस्त को हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में चेहल्लुम का जुलूस निकाला जायेगा और एक दिन पूर्व रात में शिया समुदाय और सुन्नी समुदाय का मेंहदी और अलम का जुलूस निकाला जायेगा। जुलूसएअर्बाइन यानी चेहलूम जुलूस की तैयारी के मद्देनजर शनिवार को नगर पंचायत कुन्दरकी की चेयरमैन जीनत मेहदी ने अपने पति पूर्व चेयरमैन मेहदी हसन एडवोकेट और सभासद अख्तर रजा के साथ जुलूस के मुख्य मार्ग का जायजा लिया।

जुलूस मार्ग पर सड़क और नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। इस दौरान सड़क पर पड़े कंक्रीट, मलबे




और गंदगी को जेसीबी मशीन व नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा तत्काल साफ कराया गया। कर्मचारियों की मेहनत और लगन काबिल-ए-तारीफ रही।

इस मौके पर चेयरमैन जीनत मेंहदी ने कहा कि अजादारों की सहूलियत हमारी पहली तरजीह है। चेहलूम जुलूस तक इस मार्ग पर सफाई का काम बगैर किसी रुकावट के जारी रहेगा।

उन्होंने आगे कहा कि जुलूस के बाद इस सड़क पर रुका हुआ निर्माण कार्य फिर से शुरू कराया जाएगा और सड़क व नाला निर्माण को जल्द से जल्द मुकम्मल कराया जाएगा ताकि आम जनता को किसी तरह की परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# आज होगी नामांकन पत्रों की जांच: 13 अगस्त को होगा मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** तहसील बार एसोसिएशन कांठ की कार्यकारिणी गठन के लिए शनिवार को दूसरे दिन भी नामांकन पत्र दाखिल किए गए। विभिन्न पदों के दावेदार अधिवक्ताओं ने अपने-अपने नामांकन पत्र चुनावी समिति को दिए। शनिवार को मोहम्मद नाजिम सैफी और कपिल कुमार ने भी बार महासचिव के लिए ताल ठोकते हुए अपना नामांकन कराया।वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए शीशराम सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अतुल राजपूत और पारितोष भारती, सहसचिव प्रशासन के लिए भूपेंद्र सिंह, सहसचिव प्रकाशन पद पर विनेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य के लिए सुनील कुमार एवं खेम सिंह ने अपने-अपने नामांकन-पत्र दाखिल किए। चुनाव समिति अध्यक्ष महावीर सिंह ने बताया कि तीन अगस्त को प्राप्त नामांकन-पत्र की जांच और दावे-आपत्ति की प्रक्रिया कराई जाएगी।इस दौरान चुनाव समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, कोमल सिंह, सदस्य अजब सिंह सैनी, शहाबुद्दीन, मरगूब अहमद, दीप सिंह बिश्नोई, सुगम पंवार, संजीव कुमार बिश्नोई आदि मौजूद थे' अब की बार तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में 144 अधिवक्ता 13 अगस्त को मतदान करेंगे।

# बैंककर्मी युवती ने की खुदकुशी: कई घंटे "फंदे से लटका रहा शव"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद सिविल लाइंस क्षेत्र में किराये के मकान में रहने वाली अमरोहा निवासी बैंककर्मी युवती ने शनिवार दोपहर कमरे में फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। जानकारी पर स्वजन पहुंच गए। युवती ने खुदकुशी क्यों की इसका कारण स्पष्ट नहीं होसका है। पुलिस ने युवती का मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया है।अमरोहा कोतवाली क्षेत्र के सुबोध नगर निवासी राजेंद्र राणा की बेटी प्रतिभा राणा एक्सिस बैंक हरथला शाखा में कर्मचारी थी। वह इंद्रप्रस्थ कालोनी में एक किराये के मकान में करीब डेढ़ साल से रहती थी। रात में



किसी वक्त प्रतिभा ने फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। कमरे में कूलर चल रहा था। जब वह शनिवार सुबह बैंक नहीं गईं तो अन्य किरायेदारों ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। जब वह दोपहर तक भी बाहर नहीं आई तो किरायेदारों ने मकान स्वामी दीपक को बुला लिया। इसके बाद कमरे में लगे रोशनदान से देखा तो प्रतिभा फंदे पर लटकी हुई थी। यह देख उनकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को बुला लिया गया। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवती के शव को फंदे से उतारा। फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई। मामले की जानकारी युवती के स्वजन को दी गई। वह भी पहुंच गए। युवती ने पिता ने बताया कि बेटी ने हमसे किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं बताई थी। फोन पर प्रतिदिन बात होती थी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि युवती ने खुदकुशी क्यों की है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। मोबाइल की नंबर की सीडीआर निकलवाई जाएगी।

स्वागत

## प्रधानाचार्य डॉ.अखिलेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया

# सरस्वती विद्या मंदिर के नए प्रधानाचार्य का हिंदू जागृति मंच ने किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** संभल चंदौसी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नए प्रधानाचार्य डॉ.अखिलेश कुमार शर्मा के कार्यभार ग्रहण करने पर हिंदू जागृति मंच एवं हिंदू जागृति महिला मंच के पदाधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के जिला प्रभारी सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल समस्त जनपद क्षेत्र का मान और अभिमान है यह विद्यालय समाज की धरोहर है। यहां का अनुशासन, शिक्षा, दीक्षा और व्यवहार समाज के लोगों को अनायास ही अपनी ओर आकर्षित करता है हिंदू जागृति



महिला मंच की जिला अध्यक्ष श्रीमती मीनू रस्तोगी ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर आधुनिक युग के गुरुकुल हैं यहां भारतीय संस्कृति,सभ्यता,आचरण और उच्च कोटि की शिक्षा दी जाती है। यहां की शिक्षा अनुशासन और व्यवहार पर संपूर्ण समाज को गर्व है प्रदेश प्रवक्ता विकास कुमार वर्मा ने कहा कि नवनियुक्त प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश शर्मा जी से शिक्षा व्यवस्था,अनुशासन और सामाजिकता की हर कसौटी पर खरा उतरने की अपेक्षा है हिंदू जागृति मंच ने इस स्वागत के माध्यम से शेष समाज को विद्यालय को अपना समर्थन देने की प्रेरणा दी है कार्यक्रम में सुबोध गुप्ता,अरविंद श्रीवास्तव, अरविंद शंकर शुक्ला, रूपाली गुप्ता,सीमा आर्य, सुनीता यादव,ज्योति गुप्ता,बबीता भारद्वाज, रेखा शर्मा, अजय कुमार शर्मा सहित हिंदू जागृति मंच एवं महिला मंच के पदाधिकारियों ने डॉ.अखिलेश शर्मा जी को शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया

विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार गर्ग ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यालय से अटूट संबंध बनाए रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

प्रधानाचार्य डॉ.अखिलेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश श्रीमाली ने की तथा संचालन सुमन लता शर्मा ने किया।

# भाजपा का "हर घर तिरंगा अभियान 11 से 15 अगस्त तक "चलेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** इस माह में भाजपा अभियानों के रथ पर देशभक्ति की पताका सजाएगी। पार्टी 11 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान संचालित करेगी। चुनावी वातावरण में देशभक्ति की तान छेड़ते हुए पार्टी सैनिकों व बलिदानियों के घर पहुंचकर उनके स्वजन को सम्मानित करेगी। तिरंगा फहराते हुए सेल्फी नमो एप, सरल पोर्टल व सोशल मीडिया पर डाली जाएगी।

प्रदेश अभियान समिति की कमान प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज को दी गई है, जबकि उपाध्यक्ष नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, प्रदेश मंत्री अनिल यादव और रजनी पांडे को अभियान सह-संयोजक बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा खींचते हुए क्षेत्र टोली, जिला टोली व मंडल टोली बनाने के लिए कहा है। एक अगस्त को राजधानी के विश्वेश्वैरया हाल में प्रदेश कार्यशाला हो चुकी है जहां प्रदेश, इकाइयां होंगी, साथ ही सभी मोर्चे को आमंत्रित किया गया था।

## नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम नाजमा परवीन से बदलकर नाजमा रख लिया है। भविष्य में मुझे नजमा के नाम से जाना जाए।

**नाजमा पत्नी इदरीस छोटे भाई पुराना गंज मस्जिद लोहारान, रामपुर**

## नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम समीना परवेज से बदलकर समीना रख लिया है। भविष्य में मुझे समीना के नाम से जाना जाए।

**समीना पत्नी परवेज खां निवासी कच्ची मस्जिद बाजोड़ी टोला रामपुर**

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# ऋचा चड्ढा का ओटीटी के बाद अब यूट्यूब पर जलवा, मुसाफिरी के साथ नया सफर शुरू



गर्ल्स विल बी गर्ल्स से बतौर निमार्ता वाहवाही बटोरने के बाद अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अब अपने एक नए प्रोजेक्ट के साथ तैयार हैं। ऋचा अपने प्रोडक्शन हाउस पुशिंग बटन स्टूडियोज के तहत एक नई नॉन-फिक्शन सीरीज मुसाफिरी लेकर आ रही हैं। सफर, जीवन के अनुभवों और अनकही कहानियों को समेटने वाली उनकी ये सीरीज इसी साल अगस्त में उनके यूट्यूब चैनल पर रिलीज की जाएगी। आइए जानें ऋचा ने इस बारे में क्या कहा।

एक ट्रैवल सीरीज के रूप में तैयार की गई मुसाफिरी में आपको यात्रा, संस्कृति और दिलचस्प बातचीत का एक अनोखा संगम देखने को मिलेगा।

इसमें ऋचा खुद अलग-अलग खूबसूरत जगहों की सैर करती नजर आएंगी, जहां वो वहां की कहानियों, इतिहास, परंपराओं और स्थानीय लोगों की जिंदगी को करीब से तलाशेंगी।

मुसाफिरी का मकसद दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ नई जानकारी देना और एक उत्सुक मुसाफिर की नजरों से दुनिया को देखने का एक नया नजरिया पेश करना है।

अपनी सीरीज पर ऋचा ने कहा, सफर ने मुझे हमेशा रुकने, चीजों को गहराई से देखने

**अपनी सीरीज पर ऋचा ने कहा, सफर ने मुझे हमेशा रुकने, चीजों को गहराई से देखने और सीखने का मौका दिया है। मुसाफिरी के जरिए मैं कुछ ऐसा बनाना चाहती थी, जो सिर्फ जगहों की सूची पर टिक लगाने तक सीमित न रहे। हर जगह की अपनी एक लय, इतिहास और लोग होते हैं, जिन्हें अक्सर आम ट्रैवल कंटेंट में उतनी जगह नहीं मिल पाती। ये सीरीज इन्हीं परतों को धीरे-धीरे महसूस करने और अनुभव करने के बारे में है**

और सीखने का मौका दिया है। मुसाफिरी के जरिए मैं कुछ ऐसा बनाना चाहती थी, जो सिर्फ जगहों की सूची पर टिक लगाने तक सीमित न रहे। हर जगह की अपनी एक लय, इतिहास और लोग होते हैं, जिन्हें अक्सर आम ट्रैवल कंटेंट में उतनी जगह नहीं मिल पाती। ये सीरीज इन्हीं परतों को धीरे-धीरे महसूस करने और अनुभव करने के बारे में है। ऋचा बोलीं, उम्मीद है कि दर्शक इसे देखकर न केवल अपनी अगली ट्रिप के नए विचार लेकर जाएंगे, बल्कि उन खूबसूरत जगहों और वहां रहने वाले लोगों के प्रति उनका नजरिया भी बदलेगा।

सीरीज और बतौर निमार्ता अपने मकसद पर बात कर ऋचा ने कहा, मुझे ऐसी कहानियों को बढ़ावा देना पसंद है, जो अर्थपूर्ण हों, और मुसाफिरी मेरी इसी सोच को दशार्ती है। मैं इस खास सफर को आप सभी के साथ साझा करने के लिए बेहद उत्सुक हूं।

बता दें कि प्रीति पाणिग्रही और कानी कुसरुति अभिनीत फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स का प्रीमियर सनडांस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और इसने उस साल का इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड भी अपने नाम किया था।

ये फिल्म इस समय अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म इंडस्ट्री में इस साल 18 साल पूरे कर रहीं ऋचा चड्ढा को आखिरी बार संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स पर आई वेब सीरीज हीरामंडी में देखा गया था।

## रानी पिंक सूट में शहनाज गिल ने ढाया कहर, वायरल एथनिक फोटोशूट ने जीता फैंस का दिल

बॉलीवुड और पंजाबी इंडस्ट्री की चहेती अदाकारा शहनाज गिल अपने स्टाइल स्टेटमेंट और गजब के ट्रांसफॉर्मेशन से हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया एथनिक फोटोशूट पोस्ट किया है, जो देखते ही देखते इंटरनेट पर आग की तरह वायरल हो गया है। इस लेटेस्ट फोटोशूट में शहनाज ने गहरे रानी पिंक कलर का बेहद खूबसूरत एथनिक सूट कैरी किया है। उनके इस आउटफिट को बहुत ही बारीकी से डिजाइन किया गया है। कुर्ती के योक पर गोल्डन थ्रेडवर्क, बारीक गोटा-पत्ती और जटिल जरदोजी



वर्क के साथ-साथ शानदार मिरर और सेक्विन वर्क किया गया है। कुर्ती के डीप-नेकलाइन और स्लीव्स के किनारों पर लगे लटकन-मोती इस ड्रेस को एक रॉयल और हेरिटेज लुक दे रहे हैं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग एम्ब्रॉयडरी वाली स्ट्रेट-फिट एंकल लेंथ पैंट और नेट का एक खूबसूरत शीर दुपट्टा पेयर किया है, जो उनके पूरे लुक में एलिगेंस का तड़का लगा रहा है। शहनाज गिल अपने ने मेकअप को बेहद सिंपल और सटल रखा है। उन्होंने लाउड कलर्स को छोड़कर न्यूड-ग्लॉसी लिप्स, न्यूड आईशैडो, मस्कारा से सजी पलकें और हल्का सा ब्लश ऑन चुना है, जो उनके नेचुरल फीचर्स को बखूबी उभार रहा है।

हेयरस्टाइल की बात करें तो शहनाज ने अपने सिग्नेचर स्टाइल को अपनाते हुए बालों को मिडल-पार्टिंग के साथ सॉफ्ट वेवी लुक दिया है। उनके खुले काले बाल कंधों पर लहराते हुए उनके चेहरे के कट को बेहद खूबसूरती से फ्रेम कर रहे हैं।

शहनाज गिल का यह फोटोशूट किसी लग्जरियस इनडोर स्टूडियो का लग रहा है, जहां वह एक आलीशान विंटेज आर्मचेयर पर बैठकर बेहद दिलकश अंदाज में पोज दे रही हैं। तस्वीरों में शहनाज का आत्मविश्वास और उनका सेक्सी पोस्चर साफ झलक रहा है।

कभी वह चेयर पर रॉयल अंदाज में पीछे की ओर झुककर कैमरे में इंटेंस लुक दे रही हैं, तो कभी अपनी थिक-बॉर्डर वाली पैंट और गोल्डन हील्स को फ्लॉन्ट करते हुए फ्रंट पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह अपने सिर को हाथों से थामे हुए गहराई से सोचती नजर आ रही हैं, जो उनके फैंस को काफी आकर्षित कर रहा है।

शहनाज के चेहरे का ग्लो और उनके सिजलिंग फेशियल एक्सप्रेशंस इस पारंपरिक आउटफिट में भी बोल्डनेस और ग्लैमर का परफेक्ट फ्यूजन पेश कर रहे हैं। शहनाज की इन तस्वीरों पर कमेंट बॉक्स में फैंस बॉम्बशेल, रॉयल क्वीन और ब्यूटी इन पिंक जैसे कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। कुछ ही घंटों में इस पोस्ट पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं।

# प्रधमा दृष्ट्या कुट्टक्कर का मोशन पोस्टर रिलीज, दमदार पुलिस अफसर के अवतार में दिखीं पार्वती थिरुवोथु

मशहूर अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु की आने वाली नई थ्रिलर फिल्म प्रधमा दृष्ट्या कुट्टक्कर का पहला मोशन पोस्टर हाल ही में सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया गया है। शाहद के निर्देशन में बन रही यह थ्रिलर फिल्म एक सस्पेंस और जांच पर आधारित कहानी है, जिसके पोस्टर में पार्वती थिरुवोथु उन 4 पुलिस अधिकारियों में से एक के रूप में नजर आ रही हैं, जो काफी तनाव और दबाव में दिख रहे हैं। दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने वाली ये थ्रिलर फिल्म 11 सितंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फिल्म में पार्वती थिरुवोथु के साथ मैथ्यू थॉमस, विजया राघवन, उन्निमया प्रसाद, सिद्धार्थ भरथन और अजीज नेदुमंगद जैसे कई जाने-माने कलाकार भी हैं। इसकी कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका पति एक पुलिस अधिकारी था। अपने पति की मौत के बाद वो खुद पुलिस बल में शामिल हो जाती



है। फिल्म की शूटिंग कोट्टायम और कुट्टनाड सहित कई अलग-अलग जगहों पर की गई है। फिल्म का संगीत मुजीब मजीद ने तैयार किया है, वहीं समीरा सनीश ने इसके लिए पोशाकें डिजाइन की हैं। शाहद ने इसे डायरेक्ट किया है, जो फैमिली ड्रामा प्रकाशन परक्कट्टे को डायरेक्ट करने के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म की कहानी पी एस सुब्रमण्यम और विजेश थोटिंगल ने लिखी है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म की शूटिंग कोट्टायम, चंगनास्सेरी और कुट्टनाड जैसी कई जगहों पर हुई है।

फिल्म में उतनी ही शानदार टेक्निकल टीम है।

फिल्म में मुजीब मजीद का म्यूजिक और रूबी वर्गीज राज की सिनेमैटोग्राफी है। फिल्म की एडिटिंग चमन चक्को ने की है। फिल्म में कॉस्ट्यूम समीरा सनीश ने डिजाइन किए हैं, जबकि स्टंट एक्शन संधोश, कलाई किंग्सन और विक्की मास्टर ने कोरियोग्राफ किए हैं। फिल्म के लिए साउंड डिजाइन जयदेवन चक्कदथ ने किया है और प्रोडक्शन डिजाइन मकेश मोहनन ने किया है।

# अक्सर चाबी खो देते हैं? इन हैक्स को अपनाएं, चाबी मिलेगी सही जगह

अक्सर लोग अपनी चाबी खो देते हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। खासकर जब आप जल्दी में होते हैं और चाबी नहीं मिलती तो तनाव बढ़ जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए कुछ सरल और असरदार उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी चाबियों को हमेशा सुरक्षित रख सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बना सकते हैं और समय की बचत कर सकते हैं।



**चाबी रखने के लिए एक निश्चित जगह तय करें**

अपने घर में एक निश्चित जगह तय करें जहां आप हमेशा अपनी चाबियां रखें। यह जगह दरवाजे के पास हो सकती है या किसी अलमारी के अंदर हो सकती है।

इस तरह जब भी आपको बाहर जाना हो तो आपको बार-बार इधर-उधर नहीं खोजना पड़ेगा और आप जल्दी तैयार हो सकेंगे। इस आदत को अपनाने से आपको अपनी चाबियां कभी नहीं खोनी पड़ेगी और आप बिना किसी तनाव के अपने काम कर सकेंगे।

**चाबी की अंगूठी बनवाएं**

चाबी की अंगूठी आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकती है। इसमें एक छोटा सा टैग हो सकता है, जिस पर आप अपना नाम, पता और फोन नंबर लिख सकते हैं।

अगर आप कहीं चाबी भूल भी जाते हैं तो कोई उन्हें पाएगा तो आपको वापस मिलवा देगा। इस तरह आप अपनी चाबियों को खोने से बचा सकते हैं और तनावमुक्त रह सकते हैं।

इसके अलावा आप अपने घर की चाबियों को अलग-अलग रंगों की अंगूठियों से भी पहचान सकते हैं।

**चाबी का छोटा सा डिब्बा रखें**

अपने घर में एक छोटा सा डिब्बा रखें, जिसमें आप अपनी सभी जरूरी चीजें रख सकें जैसे कि चाबियां, मोबाइल फोन आदि।

इस डिब्बे को दरवाजे के पास रखें ताकि जब भी आप घर आएं तो सबसे पहले इस डिब्बे में अपनी सारी चीजें रखें। इससे न केवल आपकी चीजें सुरक्षित रहेंगी बल्कि आपको बार-बार इधर-उधर ढूंढना भी नहीं पड़ेगा।

इस तरह आप अपनी चीजों को व्यवस्थित रख सकते हैं और समय की बचत कर सकते हैं।

**चाबी का हुक लगाएं**

दरवाजे के पास एक छोटा सा हुक लगवा लें, जिस पर आप अपनी चाबी टांग सकें। इस तरह जब भी आप घर आएं तो तुरंत अपनी चाबी वहां टांग दें। इससे आपकी चाबी हमेशा उसी जगह मिलेगी जहां आपने उसे रखा था। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बना सकते हैं और समय की बचत कर सकते हैं। इन तरीकों से आप बिना किसी तनाव के अपने काम कर सकेंगे।

# डीपीआईएएफ ने दिल्ली में किया कल्चरल एंड टूरिज्म शिखर सम्मेलन 2026 का भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के इंडियन इस्लामिक कल्चरल सेंटर में दादासाहेब फाल्के आइकॉन अवॉर्ड फिल्म्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कल्चरल एंड टूरिज्म शिखर सम्मेलन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी जी ने मुख्य अतिथि व केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ रामदास आठवले जी, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री



तीरथ सिंह रावत जी, पूर्व सांसद मलूक नागर जी सहित कई सम्मानित लोगों ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से राजनीति, समाजसेवा, प्रशासन, चिकित्सा, उद्योग, मीडिया, फिल्म एवं संस्कृति जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर देश की नामचीन हस्तियों को छठे डीपीआईएएफ लाइफ स्टाइल आइकॉनिक अवार्ड 2026, तीसरे डीपीआईएएफ भारत गौरव आइकॉनिक अवार्ड 2026 व तीसरे डीपीआईएएफ ओटीटी इन्फ्लूएसर एंड यूटयूबर आइकानिक अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। डीपीआईएएफ के फाउंड़र व चेयरमैन कल्याण जी जाना ने कार्यक्रम को सफल बनाने व सहयोग प्रदान करने के लिए सभी अतिथियों, केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री तथा सांसद सतीश चंद्र दुबे, केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, लोकसभा सांसद विजय कुमार दुबे, लोकसभा सांसद जगन्नाथ सरकार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसटी हसन, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू, सांसद डॉ रवीन्द्र भटनागर तथा प्रो डॉ एडवोकेट सुनील गायकवाड़, अलेक्जेंडर लालू हेक, हाजी हैदर आजम, विक्रम अहाके, बीएन तिवारी, गणपत कोठारी, हाजी सैफ शेख, सूरी मिराडे, गौतम पुरी, अशोक बाली, डॉ योगेश लखानी, दीदी मंजू गौतम, आशीष मित्तल तथा आयत शेख सहित समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, प्रवीण जायसवाल, ड़ॉ बसंत गोयल, डॉ इबाद पटेल, पूर्व सांसद श्याम सिंह यादव जी, अनिल सिंह, आरती कुमार, महेंद्र सिंह, मोहम्मद इरफान अहमद, शिल्पा चौहान, आरके गर्ग, उदित आर्य, नेहा शर्मा, प्रिया भुई, सबा अंजुम अंसारी, डॉ रणबीर लैशराम सिंह, लॉर्ड दास, एनके नरेश, प्रियंका चनवारिया, दीपक सिंह, अरुण छाबड़ा, संजय गुप्ता, डॉ इंदरजीत सिंह गौतम, जमीर अहमद अंसारी, सुजाता सिंह, जारा खान, अभिषेक त्यागी, किशोर कुमार, डॉ कृष्णा श्रीवास्तव सहित अनेकों लोगों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## भू-माफिया गुमराह कर बेचते हैं जरुरतमंदों को प्लाट

# टांडा में अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**टांडा, रामपुर।** नगर सीमा में बिना किसी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी किए प्लांटिंग करने की जानकारी मिलने पर नगरपालिका परिषद व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर चलवाकर अवैध रुप से विकसित की जा रही प्लांटिंग को ध्वस्त कर दिया गया जिससे इस कारोबार में लगे लोगों में हडकंप मचा है ! स्थानीय लोगों के मुताबिक प्लांटिंग के अवैध कारोबार के खिलाफ प्रशासन की यह बडी कार्यवाही है !

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक गाटा संख्या 481 व गाटा संख्या 598 की भूमि पर बिना किसी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी किए बिना ही प्लांटिंग की जा रही थी ! जिसकी मिली जानकारी पर जांच उपरांत मौके पर पहुंचकर अवैध प्लाटिंग निर्माण को ध्वस्त किया गया है ! इस अवसर पर अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति और नियमों के विपरित की जाने वाली प्लांटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ! उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए आगाहा किया कि भूमि खरीदने से पहले सभी आवश्यक अभिलेखों और संबंधित विभागों से स्वीकृति की जांच अवश्य कर लें ! इस कार्यवाही के दौरान नगरपालिका परिषद के अवर अभियंता अविनेश तिवारी,शुभम, लेखपाल इमरान,एस आई के.पी.सिंह सहित राजस्व व पुलिसकर्मी बडी संख्या में मौजूद रहे ! अपुष्ट जानकारी के मुताबिक प्लांटिंग कारोबारी बिना रजिस्टरी कराए भूमि मालिक से भूमि की कीमत प्रति बीघा या फिर हेक्टेयर तय कर पेशगी बतौर कुछ रुपए एडवांस देकर नामालूम किसी तरह का एग्रीमेंट लिखवा लेते हैं और बाद में कच्चे या पक्के रास्ते बना जरुरतमंदों को गुमराह कर प्लाट बनाकर बेचते हैं,जो कानूनी प्रक्रिया के गलत है ! क्योंकि इससे सरकार के राजस्व को नुकसान तो पहुंचता ही है साथ ही प्लाट खरीदने वालों को भी दिक्कत होती है ! मिली जानकारी को सही मानें तो जमीन को पहले आवादी में दर्ज कराने के बाद ही प्लांटिंग होनी चाहिए ,सही क्या है यह तो संबंधित विभाग ही जाने लेकिन हां प्लांटिंग का कारोबार जोरों पर फल फूल रहा है ! कुछ लोगों का कहना है कि संबंधित विभागीय अधिकारियों की लापरवाही कहिए या फिर कुछ और प्लांटिंग के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने में विफल ही प्रतीत दिखते हैं,वो अलग बात है कि कभी - कभार ध्वस्तीकरण कार्यवाही कर दी जाती है,हो सकता है कि इसके पीछे भी मजबूरी रहती हो ! सवाल उठता है कि अवैध प्लाटिंग कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, आखिर क्यों ?

# शिवभक्तों को लेकर 20 बसें हरिद्वार हुई रवाना: एआएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हरिद्वार से गंगा जल लेने जाने वाले

- कावंडियों को हरिद्वार ले जाने को लगाई 60 अतिरिक्त बसें
- पापड़ नगरी में गूंजने लगे बोल बम के जयकारे
- श्रावण मास की शिवरात्रि आगामी 11 अगस्त को मनाई जायेगी
- डीएम,एसपी ने कावंड यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

शिव भक्तों की डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़े,इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के कमाऊ (हापुड़) डिपो ने 60 अतिरिक्त बसें चलाई है। रविवार को 20 बसे शिवभक्तों को लेकर हरिद्वार गयी। श्रावण मास की शिवरात्रि के निकट आने पर पापड़ नगरी में





बोल बम के जयकारे गूंजने लगे है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कावंड मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्रावण मास में शिवरात्रि पर्व आगामी 11 अगस्त को मनाया जायेगा। जिसे ध्यानार्थ रखते हुए कांवडियां महाशिवरात्रि पर्व भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने बम भोले बम के जयकारों के साथ बसों द्वारा हरिद्वार के लिए रवाना हो रहे है। लेकिन जैसे-जैसे शिवरात्रि के निकट आती जा रही है, वैसे-वैसे ही हरिद्वार जाने वाले शिव भक्तों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शिव भक्त शहर से प्राइवेट व रोडवेज बसों द्वारा हरिद्वार के लिए रवाना हो रहे है। कांवडियों को हरिद्वार जाने के लिए किसी प्रकार की परेशानी या डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेने पड़े इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कमाऊ डिपो ने हरिद्वार के अतिरिक्त रोडवेज बसें चलाई है। पापड़ नगरी बोल बम के जयकारों से गुंजयमान हो रही हैं। जो महाशिवरात्रि के आने का संकेत दे रही हैं। तो दूसरे राज्यों से गये शिवभक्त गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढने लगे है। रोडवेज के क्षेत्रीय सहायक प्रबन्धक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कावंडियों की संख्या को देखते हुए हरिद्वार के लिए 60 अतिरिक्त बसें शुरू की गयी है। जिससे शिवभक्तों को हरिद्वार जाने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़े।

उन्होंने कहा कि रविवार को 20 बजे शिव भक्तों को लेकर हरिद्वार गयी। शिवभक्तों की संख्या में बढने होने पर रोडवेज बसों की संख्या भी बढ़ाई जायेगी। वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ जनपद में हापुड़ नगर,थाना हाफिजपुर क्षेत्र में कांवड मार्गों व ब्रजघाट का भ्रमण करते हुए तैयारियों,सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बंधित अधिकारियों को कांवड यात्रा से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# सवाल: मिलीभगत से तो नहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**टांडा, रामपुर।** तहसील टांडा के अंतर्गत गांव धम्मन में सरकारी भूमि गाटा संख्या 53 व 18 पर प्रधानपति द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत तहसीलदार, उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी, कमिश्नर यहां तक कि मुख्यमंत्री के शिकायत पोर्टल पर भी की जा चुकी है लेकिन लगभग 6 महीने के अन्तराल में सरकारी भूमि को सरकारी मुलाजिम कब्जा मुक्त नहीं करा सके,अब इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकारी अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्व के प्रति कितने जुझारू और लगनशील हैं ! यह गांव धम्मन निवासी कुछ अमन पसंद एवं कानून को मानने वाले लोगों का कहना है !

लोगों ने बताया कि गांव के ही जाकिर आदि कुछ लोगों ने जिला प्रशासन के साथ साथ मुख्यमंत्री से की शिकायत में बताया कि प्रधानपति ने लेखपाल की मिलीभगत से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया है जिसे हटाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए लेकिन तहसीलदार से लेकर लेखपाल तक चुप्पी साधे हुए हैं यहां तक कि उपजिलाधिकारी टांडा के आदेश दिनांक 30 जुलाई 2026 का भी अनुपालन नहीं किया।

लोग गांव में इंतजार करते रहे और तहसील का एक भी मुलाजिम गांव में मौके पर नहीं पहुंचा जबकि आदेश के अनुसार नायव तहसीलदार के साथ 4 लेखपालों को पुलिस के साथ पहुंचकर जांच उपरांत कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से उपजिलाधिकारी को अवगत कराना था ! सवाल उठता है कि उपजिलाधिकारी के आदेश का अनुपालन न करने के पीछे आखिर तहसील जांच कमेटी पर किसी का दबाव रहा या फिर कुछ और कारण रहा !

# कुक्कीवान ब्लैक बेल्ट हासिल कर ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नौ ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने विश्व ताइक्वांडो मुख्यालय कुक्कीवान (दक्षिण कोरिया) से जारी ब्लैक बेल्ट प्रमाणपत्र प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सभागार में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो एग्जामिनर एवं मास्टर डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन) ने खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। डॉ. सैयद रफत ने अपने संबोधन में कहा कि कुक्कीवान ब्लैक बेल्ट ताइक्वांडो खिलाड़ियों की



तकनीकी दक्षता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी योग्यता का प्रमाण है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डॉन प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों में अधिराज सिंह, माही यादव, वैशान्वी रंजन, अभिमुदय तिवारी, आरुष कश्यप, युवराज सिंह, अंश कनौजिया और वान्या शर्मा शामिल रहे। वहीं अबरार को ब्लैक बेल्ट सेकेंड डॉन का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो मास्टर मोहम्मद नदीम, अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी, राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित डिम्मी तिवारी तथा वरिष्ठ ताइक्वांडो प्रशिक्षक तौकीर अली सहित अनेक खिलाड़ी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ आगे आए युवा, सुभारती विश्वविद्यालय में एनएसएस का जागरूकता अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में भारत सरकार के "नशा मुक्त युवा, विकसित भारत" अभियान के

**एनएसएस इकाइयों के 130 स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, रैली, पोस्टर प्रदर्शनी और संकल्प कार्यक्रम के माध्यम से दिया नशामुक्ति का संदेश**

अंतर्गत एनएसएस की चार इकाइयों द्वारा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।



एनएसएस इकाई-1 के कार्यक्रम अधिकारी राम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

एनएसएस इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी निशांत कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के युवाओं के नाम संबोधन का लाइव प्रसारण देखा। संबोधन में नशामुक्त समाज के निर्माण और युवाओं की सकारात्मक भूमिका पर दिए गए संदेशों से स्वयंसेवक प्रेरित हुए। एनएसएस इकाई-3 के कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने "नशा मुक्त भारत" का सामूहिक संकल्प लिया तथा पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाई। वहीं एनएसएस इकाई-4 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार के निर्देशन में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों ने नारों और बैनरों के माध्यम से युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रमों का समन्वय



विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में नशामुक्त युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। एनएसएस युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर ऐसे अभियान संचालित करता रहेगा। इस अवसर पर डॉ अमित कुमार, निशांत कुमार, लक्ष्मीकांत शर्मा, डॉ मनीष पाठक, डॉ सुनील कुमार, राम प्रकाश तिवारी, कमलेश कुमार मौर्या, हर्षित कुमार, अशोक आदि अनेक विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों के साथ उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट संवर्ग के सुदृढ़ीकरण हेतु महत्वपूर्ण बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**लखनऊ।** आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल के माननीय अध्यक्ष डॉ. कमल पंत जी से राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर ऑप्टोमेट्रिस्ट संवर्ग की उन्नति एवं संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण को लेकर लगभग 2 घंटे तक विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश पाटिल, महासचिव रवीन्द्र यादव, संयुक्त सचिव डी. डी. वर्मा, श्रीमती सरला यादव एवं अनूप पाण्डेय उपस्थित रहे। बैठक में राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों, कैडर पुनर्गठन, पद सृजन, प्रोन्नति के अवसरों तथा एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल के रूप में ऑप्टोमेट्रिस्ट की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से पक्ष रखा गया। माननीय अध्यक्ष डॉ. कमल पंत जी द्वारा प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना गया और सकारात्मक आश्वासन दिया गया कि ऑप्टोमेट्रिस्ट संवर्ग के हितों के संरक्षण एवं उन्नति हेतु काउंसिल स्तर से हर संभव प्रयास किया जाएगा। एसोसिएशन इस सार्थक संवाद के लिए माननीय अध्यक्ष जी का आभार व्यक्त करता है।

# बैडमिंटन कोर्ट में 17 वर्षीय तन्वी शर्मा का तूफान, ताइपे ओपन चैंपियन बनकर रचा इतिहास, भावुक होकर कोच को पहनाया अपना गोल्ड मेडल

**ताइपे ।** भारतीय बैडमिंटन की उभरती हुई युवा स्टार तन्वी शर्मा ने रविवार को एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। पंजाब की रहने वाली महज 17 साल की इस होनहार खिलाड़ी ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के विमेंस सिंगल्स का खिताब जीतकर पूरी दुनिया में देश का डंका बजा दिया है। यह उनके करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है। खिताबी मुकाबले में तन्वी ने अपने तूफानी और आक्रामक खेल के दम पर वियतनाम की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थुय लिन गुयेन को सीधे गेमों में 21-16, 21-16 से बुरी तरह धो डाला। यह खिताबी मुकाबला केवल 36 मिनट तक चला। इस शानदार और एकतरफा जीत के साथ ही तन्वी ताइपे ओपन का खिताब जीतने वाली इतिहास की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी (पुरुष या महिला) बन गई हैं।

**कोच को पहनाया अपना गोल्ड मेडल**



अपनी निडर, बेखौफ और आक्रामक खेल शैली के दम पर तन्वी आज भारतीय बैडमिंटन के सबसे चमकीले सितारों में से एक बन चुकी हैं। उच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को धूल चटाने वाली इस युवा स्टार की जीत के बाद कोर्ट पर एक बेहद भावुक नजारा भी देखने को मिला। दिग्गज शटलर पीवी सिंधु के पूर्व मेंटर रहे और तन्वी के वर्तमान कोच पार्क ताए-सांग के साथ ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाते हुए तन्वी ने अपने गले से गोल्ड मेडल उतारा और उसे अपने कोच को पहना दिया। इसके बाद दोनों ने गर्व के साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

**छोटी सी उम्र में हासिल किए बड़े मुकाम**

पूर्व जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 रह चुकीं तन्वी का जूनियर और सीनियर स्तर पर अब तक का रिकॉर्ड शानदार रहा है। वह वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप के एक ही संस्करण में दो मेडल (गर्ल्स सिंगल्स में सिल्वर और मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज) जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी हैं। इसके अलावा, वह एशियाई टीम चैंपियनशिप में देश का पहला गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का भी अहम हिस्सा थीं। तन्वी ने सिर्फ 16 साल की उम्र में 2025 यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचकर सीनियर सर्किट में तहलका मचा दिया था। ओडिशा मास्टर्स और गुवाहाटी मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अब उन्होंने दुनिया की टॉप 35 रैंकिंग में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। 17 साल और 222 दिन की उम्र में तन्वी ने कोरियाई दिग्गज ली योंग डे (17 साल और 287 दिन) का बरसों पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है और ताइपे ओपन के इतिहास की सबसे कम उम्र की फाइनलिस्ट बन गई हैं।

**आयोजन** — ऑल इंडिया मुशायरा के साथ किताब "आगाज" का भी विमोचन

# नई दिल्ली "एक शाम असर देहलवी के नाम" मुशायरे का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की अदबी फिजाओं में शुक्रवार को शायरी की एक खूबसूरत शाम सजी। जनता की खोज मीडिया ग्रुप फनकार कल्चर ग्रुप और अखिल भारतीय उर्दू-हिन्दी एकता अंजुमन के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली निर्माण विहार स्थित एस.एस.एस. स्टूडियो में "एक शाम असर देहलवी असर के नाम" शीर्षक से भव्य मुशायरे का आयोजन किया गया।

यह मुशायरा मेरठ के प्रसिद्ध शायर असर देहलवी असर के जन्म दिवस के मुबारक मौके पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में ऑल इंडिया मुशायरा के साथ-साथ असर देहलवी की गजलों की किताब "आगाज" का विमोचन भी किया गया।

**खुर्रम नूर ने की सदारत**

मुशायरे की सदारत देश के जाने-माने शायर जनाब खुर्रम नूर साहब ने फरमाई। कार्यक्रम के संयोजक एहतराम सिद्दीकी ने बताया कि इस मुशायरे में देश भर से आए कवियों और शायरों ने शिरकत की।

मुख्य मेहमान के रूप में खुमार देहलवी, मेहमान-ए-जी-वकार डॉ. वसीम राशिद साहिबा और स्पेशल गेस्ट साहित्य चंचल साधक व किरन सिंह उपस्थित रहे।




मुशायरे की निजामत उर्दू-हिन्दी एकता अंजुमन के अध्यक्ष और जाने-माने शायर असलम बेताब ने अपने खूबसूरत अंदाज में की इन शायर-शायरात ने बांधा समां मंच से खुमार देहलवी, फहीम, सरफराज देहलवी, ताबिश खैराबादी, हाशिम देहलवी, सैयद गुफरान, अशोक साहिब, अनस फैजी, आरिफ देहलवी, दर्द देहलवी, हश्मत भारद्वाज, वफा आजमी, नुरुज जमा शादान हसन, पवन तोमर, सुरेश चौरसिया, जावेद अब्बासी, अरसान, गोल्डी ह्यगजबह्ल, सुरेंदर सिफर, रंजन शर्मा सहित कई शायरों ने अपना कलाम पेश किया। वहीं किरन सिंह, हुमा देहलवी, सबीना सरताज, अनिका एम, रोजी खान जैसी शायरात ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

खाबों की जागीर के आगे बैठ गये
हम तेरी तस्वीर के आगे बैठ गये
असलम बेताब

तंग बस्ती से तुम निकल आओ
इस से पहले की शाम हो जाये
असर देहलवी असर

एहसान दुश्मनों पे हमारा है दोस्तों
हम ने तो दोस्तों को भी मारा है दोस्तों
एहतराम सिद्दीकी

याद उस बे वफा की आई है
आसुओ ने झड़ी लगाई है
जावेद अब्बासी

अल्लाह ने हसीन बनाया है आपको
वल्लाह दिलनशीन बनाया है आपको
आरिफ देहलवी

आयोजक एहतराम सिद्दीकी ने कहा कि यह मुशायरा उर्दू और हिन्दी दोनों भाषाओं के संगम का खूबसूरत उदाहरण रहा, जिसमें देश की गंगा-जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। देर रात तक चले इस मुशायरे में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267